सूर्योदय : 06.26 बजे
सूर्यास्त : 05.34 बजे
सोमवार, 13 मार्च 2023
वर्ष-3-अंक 94
मूल्य 2 पृष्ठ 8
e-mail: aknewstv2@gmail.com
RNI TITLE CODE : UPHIN49345

हिन्दी दैनिक

# अमर ख्याल

जुनून सच का

(महमूदाबाद) सीतापुर से प्रकाशित



## जम्मू में सड़क पर शिव प्रतिमा स्थापित करने का विरोध

एजेंसी ■ जम्मू

हिंदू कार्यकर्ताओं के एक समूह ने रविवार को जम्मू के बेली चरण चौक के पास एक व्यस्त सड़क पर भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित करने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और इसे तत्काल एक मंदिर में स्थानांतरित करने की मांग की। प्रदर्शनकारी हाल ही में स्थापित प्रतिमा के सामने एकत्र हुए और कथित रूप से उनकी भावनाओं को आहत करने के लिए प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए।
विरोध कर रहे राष्ट्रीय बजरंग दल के अध्यक्ष राकेश बजरंगी ने कहा कि प्रतिमा स्थापित करने के लिए आदर्श स्थान एक मंदिर है, न कि व्यस्त सड़क के बीच में। प्रदर्शनकारी ने प्रशासन की कार्वाई की निंदा करते हुए कहा, हम यहां इतने व्यस्त रास्ते पर भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित करने का विरोध करने के लिए हैं। इस कार्वाई से हमारी भावनाएं आहत हुई हैं क्योंकि यह प्रतिमा के लिए उचित स्थान नहीं है। किसी भी प्रतिमा की स्थापना के साथ कर्मकांड जुड़े होते हैं। लेकिन, संबंधित सरकारी एजेंसी ने प्रतिमा को शोपीस की तरह रख दिया, जो स्वीकार्य नहीं है। प्रतिमा को तुरंत मंदिर में स्थानांतरित करें, आने-जाने वाले वाहनों से प्रतिमा पर धूल जम जाएगी।

## भारत के जंगी पोत सह्याद्री का फ्रांसीसी नौसेना के साथ समुद्री अभ्यास

■ नई दिल्ली



भारतीय नौसेना का स्वदेशी गाइडेड मिसाइल से लैस जंगी पोत आईएनएस सह्याद्री ने अरब सागर में फ्रांसीसी नौसेना के दो मुख्य युद्ध पोतों के साथ साझा समुद्री अभ्यास में हिस्सा लिया। भारतीय नौसेना के अधिकारियों ने रविवार को बताया कि 11 और 12 मार्च के अभ्यास में एक-दूसरे के पेतों के बीच सैनिकों और सैन्य साजोसामान का स्थानांतरण और पोतों के संचालन क्षमता को परखा गया। फ्रांसीसी नौसेना ने अभ्यास में मिस्ट्रल क्लास उभयचर जंगी पोत डिक्समूड और ला फेएट और फ्रिगेट श्रेणी के पोत एफएस ला फेएट को तैनात किया। भारतीय नौसेना ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, अभ्यास के निर्बाध संचालन ने दोनों नौसेनाओं के बीच पारस्परिकता और उच्च स्तर के सहयोग की पुष्टि की। स्वदेश निर्मित गाइडेड मिसाइल से लैस भारतीय नौसेना का जंगी पोत सह्याद्री अत्याधुनिक हथियारों और सेंसर से लैस है, जो उसे हवा, सतह और सतह के नीचे के खतरों का पता लगाने और बेअसर करने में सक्षम बनाता है। यह जहाज विशाखापत्तनम में स्थित भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े का एक हिस्सा है।

## जम्मू-कश्मीर में बदलाव दिख रहा, घाटी में शांति का माहौल

**श्रीनगर।** खुफिया ब्यूरो (आईबी) के निदेशक तपन कुमार डेका ने रविवार को यहां कहा कि जम्मू-कश्मीर में बदलाव नजर आ रहा है और घाटी में शांति का माहौल है। वह यहां बख्शी स्टेडियम में 71वीं बीएन मलिक मेमोरियल ऑल इंडिया पुलिस फुटबॉल चैंपियनशिप 2022-23 के उद्घाटन समारोह से इतर संवाददाताओं से बात कर रहे थे।डेका अखिल भारतीय पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा, कश्मीर में बदलाव देखा जा रहा है। यहां शांति का माहौल है।
उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में देश भर से करीब 1600 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।उन्होंने कहा, यह इन खिलाड़ियों के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस कर्मियों और कश्मीर के लोगों के साथ बातचीत करने, यहां की स्थिति के बारे में जानने और पूरे देश में शांति और प्रेम का संदेश फैलाने का अवसर होगा। खेल परस्पर सहयोग की भावना मजबूत करने का एक साधन है, जिसका सबसे बड़ा उदाहरण यह फुटबॉल प्रतियोगिता है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बेहतरीन इंतजाम किए हैं जिसके लिए मैं डीजीपी और उनकी टीम का शुक्रगुजार हूं।

## राष्ट्रीय फिल्म धरोहर मिशन भारतीय सिनेमा को नया जीवन दे रहा : अनुराग

एजेंसी ■ नई दिल्ली



सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि राष्ट्रीय फिल्म धरोहर मिशन (एनएफएचएम) के तहत अभी तक 1293 फीचर और 1062 लघु फिल्मों तथा वृत्तचित्रों का डिजिटलीकरण किया गया है और यह मिशन भारतीय सिनेमा को नया जीवन दे रहा है। मंत्रालय के बयान के अनुसार, ठाकुर ने शनिवार को पुणे में एनएफडीसी- भारतीय राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार (एनएफएआई) का दौरा किया था तथा राष्ट्रीय फिल्म धरोहर मिशन के तहत हुई प्रगति की समीक्षा की थी। ठाकुर ने कहा कि एनएफएचएम भारतीय सिनेमा की धरोहर को एक नया जीवन दे रहा है, जहां कई फिल्में पहले बिल्कुल पहुंच से परे थीं, वहीं अब उन्हें विश्वभर के दर्शकों के लिए सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता के साथ उपलब्ध कराया जाएगा।उन्होंने कहा कि इसके साथ ही यह अगले 100 वर्षों और अधिक समय के लिए भारतीय सिनेमा के दीर्घकालिक संरक्षण को सुनिश्चित करेगा।

## मोदी ने लोकतंत्र पर टिप्पणी को लेकर राहुल गांधी पर निशाना साधा

एजेंसी ■ धारवाड़



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश में लोकतंत्र के संबंध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर रविवार को उन पर निशाना साधा और कहा कि दुनिया की कोई ताकत भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं को नुकसान नहीं पहुंचा सकती। राहुल गांधी का नाम लिए बिना लंदन में की गई भारतीय लोकतंत्र के खतरे में होने संबंधी कांग्रेस नेता की टिप्पणी का जिक्र करते हुए कि मोदी ने इसे 12वीं शताब्दी के समाज सुधारक बसवेश्वर, कर्नाटक के लोगों, भारत की महान परंपराओं और यहां के नागरिकों का अपमान बताया। मोदी इस साल कर्नाटक के अपने छठे दौरे पर आए, जहां मई में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं।
मोदी ने कहा, मैं भगवान बसवेश्वर की धरती पर आया हूं और मैं धन्य महसूस कर रहा हूं। भगवान बसवेश्वर के योगदानों में सबसे महत्वपूर्ण अनुभव मंडप की स्थापना है, इस लोकतांत्रिक प्रणाली पर दुनियाभर में शोध किया जाता है और ऐसी कई चीजें हैं जिनके कारण हम कहते हैं कि भारत सिर्फ सबसे बड़ा लोकतंत्र नहीं है बल्कि यह लोकतंत्र की जननी भी है। यहां भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) धारवाड़ के स्थाई परिसर का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि उन्हें कुछ साल पहले लंदन में बसवेश्वर की प्रतिमा का अनावरण करने का सौभाग्य मिला था। मोदी ने गांधी पर परोक्ष कटाक्ष करते हुए कहा, लंदन में बसवेश्वर की प्रतिमा है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि उसी लंदन में भारत के लोकतंत्र पर सवाल उठाए गएअ भारत के लोकतंत्र की जड़ें हमारे सदियों के इतिहास से पोषित हैं। भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं को इस दुनिया की कोई ताकत नुकसान नहीं पहुंचा सकती। इसके बावजूद कुछ लोग इसे लगातार कठघरे में खड़ा कर रहे हैं। ऐसे लोग बसवेश्वर, कर्नाटक के लोगों, भारत की महान परंपराओं, देश के 130 करोड़ जागरूक नागरिकों का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कर्नाटक के लोगों को ऐसे लोगों से सावधान रहना चाहिए।
इससे पहले, ब्रिटेन में राहुल गांधी की हाल की टिप्पणी को लेकर उन पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि जब वैश्विक मंचों पर भारत का दबदबा बढ़ रहा है, तो कुछ लोग विदेशी जमीन पर देश की आलोचना कर रहे हैं।

## आरएसएस अपने कार्यक्रमों में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने के उपायों पर करेगी चर्चा

■ समालखा

आरएसएस की वार्षिक प्रतिनिधि सभा की बैठक में संगठन के सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने के बारे में चर्चा की जाएगी। संघ के सह सरकार्यवाह मनमोहन वैद्य ने रविवार को यह जानकारी दी। आरएसएस की वार्षिक अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन-दिवसीय बैठक रविवार को शुरू हुई, जिसमें पिछले एक वर्ष में संगठन के कामकाज की समीक्षा की जाएगी और आगे के एक साल के कामकाज का खाका तैयार किया जाएगा। वैद्य ने कहा कि आरएसएस देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक प्रस्ताव पारित करेगी और इसमें आत्मनिर्भरता पर जोर दिया जाएगा। आरएसएस में महिलाओं की सहभागिता के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए संघ की एक समर्पित शाखा है, जिसे राष्ट्र सेविका समिति के नाम से जाना जाता है, जो महिलाओं के सर्वांगीण विकास को लेकर काम करती है। सामाजिक जागरूकता, जन जागरण और सामाजिक बदलाव से जुड़े कार्यों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के बारे में बैठक के दौरान चर्चा की जाएगी। अगले एक वर्ष में संघ का शताब्दी वर्ष शुरू होने के मद्देनजर हमने दैनिक शाखाओं की संख्या बढ़ाकर एक लाख करने का लक्ष्य रखा है।

## नगालैंड में विपक्ष रहित सरकार का बनना लोकतंत्र का उपहास होगा

एजेंसी ■ कोहिमा

नगालैंड के एक विपक्ष-रहित सरकार की ओर बढ़ने के बीच राज्य के राजनीतिक विश्लेषकों और टिप्पणीकारों ने इसे लोकतंत्र का मजाक बताते हुए इस व्यवस्था की आलोचना की है। नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 40 और 20 के अनुपात में सीट बंटवारा करके नगालैंड विधानसभा चुनाव लड़ा था और लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए बहुमत हासिल कर सत्ता बरकरार रखी। नगालैंड में लगभग सभी दल एनडीपीपी-भाजपा गठबंधन को समर्थन दे रहे हैं जिससे यह राज्य विपक्ष मुक्त होने की ओर बढ़ रहा है।
राजनीतिक विश्लेषक जोनास यांथन के अनुसार, एनडीपीपी-भाजपा गठबंधन को समर्थन देने वाले दलों के पास उन लोगों के लिए कोई एजेंडा नहीं है जो अपने नेताओं पर भरोसा करते हैं, और अपने स्वयं के स्वार्थों को पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं। यांथन ने कहा, विधानसभा में विपक्षी सदस्यों के बिना विधानसभा में जनता की चिंताओं को कौन उठाएगा? पार्टियों का दावा है कि वे नगा शांति वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए सरकार का समर्थन करेंगे जो एक राजनीतिक नाटक है। सामाजिक कार्यकर्ता निकेतु इरालू ने कहा कि वह विपक्ष-रहित सरकार के विचार से सहमत नहीं हैं, जिसे उन्होंने राय-विहीन बताया।

## विपक्ष एजेंसियों पर घेरेगा, सरकार चाहेगी वित्त विधेयक पारित हो जाए

■ नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र के सोमवार से शुरू हो रहे दूसरे चरण में सरकार की प्राथमिकता वित्त विधेयक को पारित कराने की रहेगी, वहीं, विपक्षी दल, गैर भाजपा शासित राज्यों की सरकारों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरूपयोग और अडाणी समूह से जुड़े मुद्दे पर सरकार को घेरेंगे।
बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान दोनों सदनों में रणनीति तैयार करने के लिए विपक्षी दलों की बैठक सोमवार को सुबह होगी। कांग्रेस नेता के. सुरेश ने कहा कि उनकी पार्टी अडाणी-हिंडनबर्ग मुद्दे को उठाना जारी रखेगी और सरकार से सवाल पूछेगी क्योंकि सत्र के पहले चरण में इस बारे में सरकार ने कोई जवाब नहीं दिया था।
विपक्षी दलों द्वारा सत्र के दूसरे चरण में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआइ) द्वारा विपक्षी नेताओं पर छापा मारने के मुद्दे को भी उठाने की संभावना है। विपक्षी दलों ने गैर भाजपा शासित राज्यों की सरकारों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों के दुरूपयोग का आरोप लगाते हुए इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना की है। वहीं, संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने पीटीआई भाषा को बताया कि सरकार की प्रमुख प्राथमिकता वित्त विधेयक को पारित कराने की है।
उन्होंने कहा कि सत्र के दूसरे चरण में रेलवे, पंचायती राज, पर्यटन, संस्कृति, स्वास्थ्य सहित कई मंत्रालयों से जुड़ी अनुदान की मांगों पर चर्चा होगी।
उन्होंने कहा कि बाद में विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों के लिए प्रस्तावित अनुदानों की मांगों एवं उनसे संबंधित विनियोग विधेयक को गिलोटिन (बिना चर्चा के) के माध्यम से मंजूरी दी जाएगी।मेघवाल ने कहा, इसके बाद वित्त विधेयक पारित किया जाएगा। इसके बाद हम विपक्ष द्वारा उठाए गए मुद्दों पर ध्यान देंगे।

## जद(यू) की पूर्व सांसद मीना सिंह भाजपा में शामिल

**पटना।** भाजपा ने जदयू की पूर्व सांसद मीना सिंह के पार्टी में शामिल होने का दावा किया।
सिंह ने 2009 से 2014 तक आरा लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व किया था। वह भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष संजय जायसवाल और केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय की मौजूदगी में अपने बेटे विशाल के साथ भाजपा में शामिल हो गईं। जायसवाल और राय ने कहा कि सिंह का जद (यू) छोड़ना उसके पतन को चिह्नित करता है और संकेत देता है कि पार्टी के सुप्रीमो एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने ही लोगों का विश्वास खो रहे हैं।


## मप्र के विश्वविद्यालय में केरल के छात्रों पर हमला भयावह कृत्य: विजयन

एजेंसी ■ तिरुवनंतपुरम

केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने मध्य प्रदेश स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय (आईजीएनटीयू) में राज्य के चार छात्रों पर कथित रूप से हमला किए जाने की रविवार को निंदा करते हुए इसे भयावह कृत्य करार दिया। उन्होंने कहा कि लोगों के खिलाफ उनकी पहचान पर आधारित बढ़ती शत्रुता को रोका जाना चाहिए। समाचारों के अनुसार मप्र के अमरकंटक परिसर में 10 मार्च को सुरक्षाकर्मियों ने केरल के चार छात्रों को कथित रूप से पीटा। विजयन ने इन खबरों के मद्देनजर ट्वीट किया, आईजीएनटीयू में केरल के छात्रों पर हमले की घटना भयावह है और हमारे देश में व्यक्तियों की पहचान के आधार पर उनके प्रति बढ़ती शत्रुता का विरोध करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है। विश्वविद्यालय को दोषियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए और परिसर में सभी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। राज्यसभा के सदस्य और वाम नेता जॉन ब्रिटास ने भी इस मामले में कड़ी कार्वाई किए जाने की मांग की और इस संबंध में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखा है।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार में और देरी नहीं की जा सकती: लोकसभा अध्यक्ष

एजेंसी ■ नई दिल्ली



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जैसे वैश्विक संस्थानों में तेजी से बदलती विश्व व्यवस्था की वास्तविकताओं को दर्शाने के लिए सुधार लाने के मामले में व्यापक सहमति है और परिषद में सुधार को लेकर और देरी नहीं की जा सकती है। बिरला ने मनामा (बहरीन) में आयोजित अंतर-संसदीय संघ की 146वीं सभा के दौरानै शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और समावेशी समाज को बढ़ावा देनाः असहिष्णुता के विरुद्ध लड़ाईं विषय पर चर्चा के दौरान यह बात कही। लोकसभा सचिवालय के बयान के अनुसार, बिरला ने लंबे समय से चले आ रहे भारत के इस दृष्टिकोण को दोहराया कि सभी वैश्विक मुद्दों का समाधान बातचीत के माध्यम से शांतिपूर्ण ढंग से किया जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि भारत की संसद ने हमेशा जलवायु परिवर्तन, महिला-पुरुष समानता, सतत विकास और कोविड-19 महामारी जैसी समकालीन वैश्विक चुनौतियों पर व्यापक और सार्थक वाद-विवाद और विचार-विमर्श किया है।लोकसभा अध्यक्ष ने इस बात पर जोर दिया कि शांति, सद्भाव और न्याय का प्रसार करने वाली वैश्विक संस्थाएं शांति, समृद्धि, स्थिरता और न्यायोचित विश्व व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं।

सीआईएसएफ का 54वां स्थापना दिवस

## आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की मोदी सरकार की नीति जारी रहेगी : शाह



■ हैदराबाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि केंद्र ने पिछले नौ वर्षों में कई आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद को बिल्कुल न बर्दाश्त करने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की नीति आने वाले वक्त में भी जारी रहेगी।
शाह ने यहां केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 54वें स्थापना दिवस समारोह में कहा कि देश के किसी भी हिस्से में अलगाववाद, आतंकवाद और राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों से सख्ती से निपटा जाएगा।आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सीएपीएफ (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) और राज्य पुलिस की भूमिका पर जोर देते हुए उन्होंने इसे महत्वपूर्ण बताया और कहा कि पिछले नौ वर्षों में यह प्रदर्शित किया गया है। शाह ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने पिछले नौ वर्ष में आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है।
उन्होंने कहा कि कश्मीर में हिंसा काफी कम हुई है, जबकि पूर्वोत्तर और वामपंथी चरमपंथ प्रभावित इलाकों में उग्रवाद भी कम हुआ है तथा लोगों का भरोसा बढ़ रहा है।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त होने वाले लोगों की संख्या घटती जा रही है और कई लोग हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं।

## कश्मीर का ट्यूलिप गार्डन 19 मार्च से पर्यटकों के स्वागत को तैयार

एजेंसी ■ श्रीनगर



डल झील और जबरवन पहाड़ियों के बीच स्थित इंदिरा गांधी ट्यूलिप गार्डन अगले सप्ताह से पर्यटकों का स्वागत करने के लिए तैयार है, क्योंकि एशिया के इस सबसे बड़े ट्यूलिप गार्डन में रंग-बिरंगे फूल खिल चुके हैं। ट्यूलिप गार्डन के प्रभारी इनाम-उल-रहमान ने पीटीआई-भाषा से कहा, ट्यूलिप उद्यान को पर्यटकों के लिए खोलने से पहले हम बागवानी, अभियांत्रिकी, कवकनाशक शोधन, पोषक तत्व छिड़काव जैसी छोटी-मोटी तैयारियां करते हैं और वह जारी है।
पूरे देश में लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुका यह गार्डन 19 मार्च को आम लोगों के लिए खोला जाएगा। इसे सिराज बाग के नाम से भी जाना जाता है। यहां विविध रंगों के 15 लाख ट्यूलिप के अलावा गुलाबी तुरसावा, डैफोडिल, मस्कारा और सिकलेमेन जैसे अन्य वसंती फूल लोगों का चित्त हरेंगे। रहमान ने कहा, हर साल हम इस गार्डन का विस्तार करते हैं और नई-नई किस्में यहां हैं। इस साल हमने फाउंटेन चैनल का विस्तार किया है.... इसे दुनियाभर में बागवानी पेशेवर अंदाज में एक मिसाल कायम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस साल पीले, लाल, गहरे लाल, बैंगनी, सफेद एवं अन्य रंगों के ट्यूलिप सतरंगी नजारा पेश करेंगे। उन्होंने कहा, जबरवन पहाड़ियों की तलहटी में बसा यह उद्यान एक अदभुत नजारा पेश करता है। यही कारण है कि लोग इसे पसंद करते हैं। गार्डन के सुपरवाइजर मुश्ताक अहमद मीर ने कहा कि ट्यूलिप गार्डन में तैयारी जोरशोर से चल रही है और अगले रविवार से इसके खुल जाने की संभावना है।उन्होंने इस सीजन में बड़ी संख्या में पर्यटकों के आने की उम्मीद जताते हुए कहा, दिन-रात काम चल रहा है। कश्मीर के बाहर से इस गार्डन के खुलने के बारे में ढेरों सवाल हमारे पास आ रहे हैं। उन्होंने कहा, पिछले साल बहुत अच्छा सीजन रहा था, क्योंकि दो लाख पर्यटक आए थे। हमें आशा है कि यह साल और बेहतर रहेगा।

जरा हट के... बग्गा



## पाक कश्मीर राग के बजाय अपनी बदहाली पर सोचे

आज मदद के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के आगे गुहार लगाती पाकिस्तानी सरकार आत्ममंथन के लिए तैयार नहीं है। इसके उलट वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जम्मू-कश्मीर को लेकर अपना पुराना राग अलापने में लगा हुआ है। स्त्री, शांति एवं सुरक्षा के मुद्दे पर सुरक्षा परिषद की बैठक में पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने जम्मू-कश्मीर के मसले पर अनावश्यक टिप्पणी की। इस चर्चा में संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने जरदारी की टिप्पणियों को निराधार और राजनीति से प्रेरित बताते हुए खारिज कर दिया। कुछ दिन पहले संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक बैठक में भी पाकिस्तान ने ऐसा ही किया था। वैश्विक मंचों की अपनी मर्यादा होती है। जिन विषयों पर चर्चा हो रही हो, उन्हीं पर ध्यान दिया जाना चाहिए। लेकिन पाकिस्तानी नेतृत्व हमेशा से घरेलू राजनीति में अपना स्वार्थ साधने के लिए जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उछालता रहा है। यह जगजाहिर तथ्य है कि पाकिस्तान में बड़ी संख्या में छोटे-बड़े आतंकी गिरोह सक्रिय हैं तथा उन्हें पाकिस्तानी सरकार और सेना का पूरा संरक्षण मिलता है।आतंकवादियों को मिलने वाली वित्तीय मदद पर नजर रखने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था ने अभी हाल में ही कहा है कि वह पाकिस्तान से संबंधित गतिविधियों की निगरानी कर रही है। आतंकवाद के सहारे पड़ोसी देशों, विशेष रूप से भारत और अफगानिस्तान, में पाकिस्तान दशकों से अस्थिरता फैलाने की कोशिश में है। अपनी सरहद के साथ-साथ बांग्लादेश और नेपाल के तस्कर गिरोहों के माध्यम से नशीले पदार्थ भी भेजता रहा है।

*पाकिस्तान आज मदद के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के आगे गुहार लगाती पाकिस्तानी सरकार आत्ममंथन के लिए तैयार नहीं है। इसके उलट वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जम्मू-कश्मीर को लेकर अपना पुराना राग अलापने में लगा हुआ है। स्त्री, शांति एवं सुरक्षा के मुद्दे पर सुरक्षा परिषद की बैठक में पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने जम्मू-कश्मीर के मसले पर अनावश्यक टिप्पणी की।*

भारत से भागे हुए कई कुख्यात आतंकी सरगना पाकिस्तान में शरण लिये हुए हैं। कश्मीर हो या पंजाब या भारत के अन्य हिस्से, पाकिस्तान की हरकतों के बावजूद भारत की कोशिश रही है कि दोनों देशों के बीच स्थिति सामान्य हो तथा द्विपक्षीय वार्ता के लिए समुचित वातावरण बने, लेकिन पाकिस्तान की ओर से इस दिशा में कोई गंभीर कोशिश नहीं हुई है।

वैदिक विचार —स्वामी विद्यानंद 'विदेह'

### स्थावर

*अयन मासा अयज्वनामवीराः प्र यज्ञमन्मा वृजनं तिराते।*
*शंसा मित्रस्य वरुणास्य धाम शुष्मो रोदसी बद्बधे महित्वा।*

सूर्य-चंद्रमा अनिमेष यज्ञ करते रहते हैं। उनका यज्ञ सदा परार्थ है, स्वार्थ नहीं। सब तप, ताप, तेज, वर्च, भर्ज सूर्य का अपना है। किंतु चंद्रमा के पास जो चंद्रिका है वह सूर्य के प्रकाश की प्रतिच्छाय है। चंद्रमा सूर्य से प्रकाश लेकर उसे चंद्रिका के रूप में बिखेरता रहता है। सूर्य और चंद्रमा दोनों ही विश्व के लिए अपना सर्वस्य स्वाहा करते रहते हैं। सूर्य-चंद्रमा सततयाजी हैं। और इसीलिए उनका धाम प्रशंसनीय है, परम प्रशंसनीय है। सूर्य चंद्रमा दोनों स्वस्तिपथ पर निरंतर अग्रसर रहते हैं। किसी से ईर्ष्या, द्वेष, घृणा, ग्लानि, पक्षपात या वैमनस्य नहीं करते। वे न किसी से भेद करते हैं और न ही भिन्नता। वे सबका समान उपकार और सबके प्रति समान व्यवहार करते हैं। वे अपने व्रत में सदा सुस्थित और अपने-अपने नियम में सदा सुस्थिर रहते हैं। उनका धाम वास्तव में सुप्रशंसनीय है क्योंकि उनके जीवन का प्रत्येक निमेष व क्षण यज्ञ संपादन में लगा रहता है। सूर्य अपने आवृत पर घूमता हुआ अनिमेष, अनवरत यज्ञ करता रहता है। वह असंख्य लोकों को अपने आकर्षण से आकृष्ट रखता हुआ, सब लोकों को अपना तेज, वर्च, भार्ज प्रदान करता रहता है जिससे सर्वत्र प्रकाश होता रहता है।

### प्रेम

प्रेम जब हृदय में अनुभव किया जाता है तो वह व्यक्ति को पुष्प की तरह विकसित कर देता है। प्रेम की अनुभूति आपको श्रेष्ठ मानव बना देती है क्योंकि आप अंदर से अच्छा महसूस करते हैं। इस प्रक्रिया में महत्वपूर्ण यह नहीं है कि कितने लोग आपको प्रेम करते हैं अपितु यह है कि आप स्वयं प्रेम से परिपूर्ण है आपका प्रेममय होना आपके जीवन में अधिक उपादेय है।आज का दिन आपके लिए मंगलमय एवं कल्याणकारी हो। जय श्री राधे।

डॉ. विनोद दीक्षित

पत्र मिला

### पुस्तक मेले में न होते हुए...

खबरें गवाह हैं, लेखकों, किताबों व प्रकाशकों के नकद मिलन मेले में इस साल खूब भीड़ रही। वैसे डिजिटल होने का बहुत फायदा है लेकिन जो मज़ा सशरीर आमने सामने प्रशंसा, सिर्फ इशारों में कटाक्ष या पीठ के पीछे खड़े होकर चर्चा करने में है वह और कहां। पुस्तक मेले में जितने हाथ मिलाए गए, लगता है उतने ही दिलों का मिलन भी हो गया। देखा जाए तो वर्तमान, अच्छी यादों में बदलकर भविष्य के लिए संबल बन जाता है। पुस्तक मेले में अपने चिर परिचित, अपरिचित या अतिअपरिचित व्यक्तियों, लेखकों और साहित्यकारों को सामने पाकर मेले में पहुंचने वाला हर बंदा खुद को थोड़ा सा लेखक समझ लेता है। किसी की भी पहली पुस्तक ही प्रसिद्ध हाथों से रिलीज़ हो सकती है। अनुभवी लेखक की बत्तीसवीं पुस्तक तो वहीं लोकार्पित होनी होती है। कहीं पढ़ा था किताबें समाज में परिवर्तन लाती हैं तो दर्जनों के हिसाब से पुस्तकें लिखने वालों ने काफी ज्यादा बदलाव ला दिया होगा। ऐसे में सिर्फ विचारों में क्रांन्ति की चाहत पोषित करने वाले आम व्यक्ति के दिमाग में भी लेखन का कीड़ा घुस जाता होगा। हमारी साहित्यिक परम्परा है कि किताब या लेखक से मिलकर कमबख्त दिमाग संजीदगी से सोचने लगता है कि काश हम भी लेखक होते। पुस्तक मेले में कई लोगों ने चुटकी तो ली होगी कि फलां बंदे ने अमुक यशस्वी लेखक के साथ या प्रसिद्ध प्रकाशक के स्टाल पर फोटो खिंचवाकर अपना लेखक होना जताया।

**रघु परमार,नई दिल्ली**

अमर ख्याल

# व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा के जाल में विपक्ष

**कुछ दिन पहले सीबीआई ने आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया को दिल्ली सरकार के आबकारी नीति के घोटाले में कथित रूप से शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया, तो किसी भी बड़ी विपक्षी पार्टी या नेता ने औपचारिक बयान देने से ज्यादा कुछ नहीं किया। कुछ ने तो गिरफ्तारी की प्रशंसा भी की। गैर-भाजपा विपक्ष की ओर से तब भी सामूहिक निंदा की आवाज नहीं उठी, जब भयाक्रांत करने वाली ईडी ने तृणमूल कांग्रेस, भारत राष्ट्र समिति, शिव सेना आदि दलों के नेताओं की घेराबंदी की।**

प्रभु चावला
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

राजनीति में एकता मतों और विचारों की तार्किकता से निर्धारित होती है। ऐसी एकजुटता अक्सर इस सूत्र से पैदा होती है कि 'मेरे दुश्मन का दुश्मन मेरा दोस्त है।' लेकिन भारतीय विपक्ष के व्यवहार में यह नहीं होता। विभिन्न क्षेत्रों और विचारों के विपक्षी नेताओं को बीते आठ सालों में केंद्रीय जांच एजेंसियों ने घेरा है और गिरफ्तार किया है, पर उनकी मोर्चाबंदी के कोई संकेत नहीं हैं।

कुछ दिन पहले सीबीआई ने आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया को दिल्ली सरकार के आबकारी नीति के घोटाले में कथित रूप से शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया, तो किसी भी बड़ी विपक्षी पार्टी या नेता ने औपचारिक बयान देने से ज्यादा कुछ नहीं किया। कुछ ने तो गिरफ्तारी की प्रशंसा भी की। गैर-भाजपा विपक्ष की ओर से तब भी सामूहिक निंदा की आवाज नहीं उठी, जब भयाक्रांत करने वाली इडी ने तृणमूल कांग्रेस, भारत राष्ट्र समिति, शिव सेना आदि दलों के नेताओं की घेराबंदी की।

विडंबना है कि विपक्षी दलों की सरकारें लगभग आधे राज्यों में हैं और उनके दो सौ से अधिक सांसद हैं। विभाजित विपक्ष से उत्साहित होकर एजेंसियों ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है और वे दागी नेताओं के अतीत और वर्तमान को खंगाल रही हैं। इससे वे चुनावी बोझ बन जायेंगे और विपक्ष कमजोर होगा।

शायद ही कोई ऐसा दिन होगा, जब एजेंसियां वैसे कॉरपोरेट घरानों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं के कार्यालयों पर दस्तक न देती हों, जो दूर-दूर तक ऐसे व्यक्ति से संबंधित हों, जो कहीं भी भाजपा को चुनौती देते हों। मतदाताओं के लिए यह सामान्य मामला ही है। हाल में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के अभिनंदन समारोह में आधा दर्जन दलों के नेता शामिल हुए थे, पर वहां भी सिसोदिया को सहानुभूति नहीं मिली। इससे पहले राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को भी कई बड़े विपक्षी नेताओं ने अनदेखा किया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, बीते नौ साल में गिरफ्तार नेताओं में 95 प्रतिशत से अधिक विपक्ष से हैं।

इससे विपक्ष भले चिंतित हो, लेकिन अभी भी उसके नेता अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को दरकिनार कर सड़क पर उतरने के लिए तैयार नहीं हैं। वे एक-दूसरे को तबाह करने के लिए विभाजित हैं। इसके उलट, आपातकाल में सभी पार्टियों ने एकजुट होकर ताकतवर प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी का सामना किया था। जयप्रकाश नारायण ने उन्हें एकजुट किया था।

सीटों के बंटवारे के बाद एक-दूसरे के जानी दुश्मन जनसंघ और सीपीएम ने चुनावी गठबंधन बनाया था। उनके साथ आने से उत्तर भारत में कांग्रेस केवल एक




सीट जीत सकी। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि कांग्रेस-विरोधी ताकतों ने उच्च नैतिकता के साथ लड़ाई लड़ी थी। उनके नेता बेदाग थे। उन्हें जनता का भरोसा हासिल था। लेकिन जब राजीव गांधी के बाद कांग्रेस सत्ता से बेदखल हुई, तो केवल उसी में फूट नहीं पड़ी, बल्कि कई क्षेत्रीय दल भी बिखर गए।

गठबंधन युग का प्रारंभ नब्बे के दशक में हुआ। जाति एवं क्षेत्रीय आधार पर बनीं विभिन्न क्षेत्रीय पार्टियां कई राज्यों में सत्ता में आयीं। प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव और डॉ.मनमोहन सिंह की सरकारों में उनका वर्चस्व था। राव के दौर में पहला शेयर बाजार घोटाला हुआ, तब मनमोहन सिंह वित्त मंत्री थे। बाद में उनके समय में कई घोटाले सामने आये। नब्बे से 2020 तक के तीन दशकों में अनेक क्षेत्रीय दल राज्यों में सत्ता में आये। उस दौर में उनके मंत्रियों और कार्यकर्ताओं ने बहुत भ्रष्टाचार किया, जो बदला लेने पर उतारू एजेंसियों के लिए काफी है। जो तौर-तरीका इंदिरा गांधी ने बनाया था, मोदी उसमें निपुण हैं। उन्होंने खेल और शासन के नियम बदल दिये हैं। भ्रष्टाचार विरोध और सुशासन के मुद्दे पर लगातार दो चुनाव जीतकर उन्होंने विपक्ष को भागने पर मजबूर कर दिया है।

विपक्ष का आपसी अविश्वास उसकी समस्या है। मोदी जानते हैं कि नैतिकता एकजुट करती है और अनैतिकता विभाजित करती है। उनकी टीम ने बड़ी मेहनत से सभी पार्टियों और संगठनों का ब्यौरा तैयार किया है। राजनीति बिना धन के नहीं हो सकती, इसलिए मोदी ने विपक्ष के पैसे का रास्ता ही तबाह कर दिया है। उनकी रणनीति है कि एक मुद्दे पर विपक्ष को लामबंद न होने दिया जाए।

भले ही ममता के एक दर्जन लोग जेल में हों या उनपर मुकदमा चले, वे लेफ्ट या कांग्रेस से समर्थन नहीं मांगेंगी। तेलंगाना के मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव कांग्रेस से सौदा नहीं करना चाहते, भले उनकी बेटी के खिलाफ जांच हो रही हो। मोदी से कहीं अधिक केजरीवाल और राहुल एक-दूसरे को नापसंद करते हैं। यही हाल अखिलेश और मायावती का है।

भूपेश बघेल और अशोक गहलोत पर एजेंसियां दस्तक दे रही हों, पर कांग्रेस नेतृत्व अन्य विपक्षी दलों से संपर्क करने से घबराता है। बीते कुछ हफ्ते में बघेल के निजी स्टाफ और कुछ कांग्रेसी विधायकों पर छापे पड़े हैं। फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती को इडी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं तथा मुश्किल सवालों के जवाब देने पड़ रहे हैं।

केरल के मुख्यमंत्री विजयन की नींद उड़ी हुई है क्योंकि इडी ने उनके कार्यालय से संबद्ध एक वरिष्ठ आइएएस अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया है। लालू प्रसाद का परिवार रोज किसी न किसी एजेंसी के दफ्तर का चक्कर लगाता है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ऊपर तलवार लटक रही है। सोरेन और लालू प्रसाद को कहीं से भी भरोसेमंद समर्थन नहीं मिल सका है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी विपक्ष को लामबंद करने में नाकाम रही है क्योंकि उसके दो पूर्व मंत्रियों पर राज्य और केंद्र के स्तर पर जांच चल रही है तथा वे जेल जाने को लेकर डरे हुए हैं।

विपक्ष के मुख्यमंत्रियों के एक-दूसरे से अलग-थलग रहने की वजह यह है कि वे इडी और सीबीआई के छापों की आशंका को लेकर भयभीत हैं। यह उनका दुर्भाग्य ही है कि मोदी बेदाग हैं। मोदी पर राफेल लड़ाकू जहाजों की खरीद और भाई-भतीजावाद को लेकर जो आरोप लगे थे, उन्हें साबित कर पाने में विपक्ष असफल रहा है। साथ ही, सभी मामलों में अदालतों ने मोदी सरकार के पक्ष को ही जायज ठहराया है।

साल 2024 की वास्तविकता यह है कि राजनीतिक लड़ाई में भरोसा खो चुका विभाजित विपक्ष ताकतवर मोदी को मामूली नुकसान पहुंचाने की स्थिति में भी नहीं है। बदले की राजनीति करने के आरोप और नारेबाजी नाकाम रही। एजेंसियों ने कई अवैध कार्यों के लिए भी वैधता हासिल कर ली है। मौजूदा विभाजित विपक्ष देश को नहीं चाहिए। उनकी वजह से आज देश में सत्ताधारी पार्टी के विरुद्ध कोई भरोसेमंद वैकल्पिक आवाज नहीं बची है।

### किसने क्या कहा...



कांग्रेस मेरी कब्र खोदने में और मैं गरीबों की जिंदगी बेहतर बनाने में लगा हूं : मोदी

आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की मोदी सरकार की नीति जारी रहेगी : शाह



राष्ट्रीय फिल्म धरोहर मिशन भारतीय सिनेमा को नया जीवन दे रहा है : अनुराग ठाकुर





मध्य प्रदेश के विश्वविद्यालय में केरल के छात्रों पर हमला भयावह कृत्य: पिनराई विजयन

### कार्टून...




# ईरान-सऊदी अरब की दोस्ती के मायने

डॉ. वेदप्रताप वैदिक
लेखक, भारतीय विदेश परिषद नीति के अध्यक्ष हैं।

मेरी समझ में विदेश नीति के मामले में चीन, भारत से कुछ आगे निकल रहा है, इसका ताजा उदाहरण हमारे सामने है। हम चीन को अंतरराष्ट्रीय राजनीति में अपना प्रतिद्वंद्वी समझते हैं और अपनी जनता को यह समझाते रहते हैं कि देखो, हम चीन से कितने आगे हैं लेकिन शुक्रवार को ईरान और सऊदी अरब के बीच जो समझौता हुआ है, उसका सारा श्रेय चीन लूट रहा है।

पिछले सात साल से ईरान और सऊदी अरब के बीच राजनयिक संबंध भंग हो चुके थे, क्योंकि सऊदी अरब में एक शिया मौलवी की हत्या कर दी गई थी। ईरान एक शिया राष्ट्र है। तेहरान स्थित सऊदी राजदूतावास पर ईरानी शियाओं ने जबरदस्त हमला बोल दिया था। सऊदी सरकार ने कूटनीतिक रिश्ता तोड़ दिया। इस बीच सऊदी अरब और ईरान पश्चिम एशियाई देशों के आंतरिक मामलों में एक-दूसरे के विरुद्ध हस्तक्षेप भी करते रहे।

यमन, सीरिया, एराक और लेबनान जैसे देशों में एक-दूसरे के समर्थकों को सैन्य सहायता भी देते रहे। सऊदी अरब ने ईरान पर ये आरोप भी लगाए कि यमन के हाउथी बागियों से उसने सऊदी अरब में सीमापार से प्रक्षेपास्त्र और ड्रोन आक्रमण भी करवाए तथा उसके तेल के कुओं को उड़ाने की भी कोशिशें कीं। दोनों इस्लामी देशों के संबंध इतने कटु हो गए थे कि सऊदी अरब के शासक मोहम्मद बिन सलमान ने यहां तक कह दिया कि आयतुल्लाह खामेनई 'नया हिटलर' है।

*पिछले सात साल से ईरान और सऊदी अरब के बीच राजनयिक संबंध भंग हो चुके थे, क्योंकि सऊदी अरब में एक शिया मौलवी की हत्या कर दी गई थी। ईरान एक शिया राष्ट्र है।*



सऊदी अरब लंबे समय से अमेरिका के नजदीक रहा है। इजरायल के साथ उसके संबंधों को सहज बनाने में अमेरिका की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। लेकिन अमेरिका-ईरान संबंधों में पिछले 40-42 साल से गहरा तनाव है। दोनों राष्ट्रों के बीच व्यापार, आवागमन,कूटनीतिक संबंध तथा अन्य क्षेत्रों में दुश्मनों के जैसा व्यवहार रहा है लेकिन इन दोनों मुस्लिम राष्ट्रों से भारत के संबंध सहज और उत्तम रहे हैं। दोनों को हमने पटा रखा है, यह हमारी कूटनीतिक चतुराई है लेकिन क्या यह काफी है? दोनों राष्ट्र हमसे अच्छे संबंध बनाए रखते हैं, क्योंकि दोनों के मतलब सिद्ध हो रहे हैं।

चीन के प्रसिद्ध राजनयिक वांग ई ने दोनों देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों में समझौता करवा दिया है। इसके बाद दोनों ने एक-दूसरे की संप्रभुता के सम्मान की घोषणा भी की है।

### उपदेश

संत सूरदास जी ने ये तय कर लिया था कि अब मुझे जीवन का समापन करना है। वे अंतिम समय में सांस ले रहे थे। उनके रोम-रोम में श्रीकृष्ण बसे थे। सूरदास जी के कई भक्त उनके आसपास इकट्ठे हो चुके थे। सभी अपने प्रिय गुरु को संसार से जाता हुआ देखना चाहते थे। उसी समय सूरदास जी के गुरु भाई चतुर्भुज जी ने कहा, आपने अपने जीवन में श्रीकृष्ण जी के लिए खूब लिखा, आपने श्रीकृष्ण को जिया है, लेकिन हमारे गुरु वल्लभाचार्य जी के लिए कुछ नहीं लिखा। सूरदास जी ने कहा, लिख तो सकता था उनके लिए, लेकिन मेरे लिए श्रीकृष्ण और वल्लभाचार्य जी में कोई अंतर ही नहीं था। मैं जब श्रीकृष्ण पर लिखता, वल्लभाचार्य जी की छवि मेरे मन में आ जाती। मैं ये भेद देख ही नहीं सका। इसके बाद जाते-जाते सूरदास जी ने कुछ पक्तियां गुरु के लिए भी लिख दी थीं। सूरदास जी ने हमें समझाया है कि गुरु और परमात्मा में कोई भेद नहीं है। जब किसी को गुरु बनाएं तो ये मानकर चलें कि गुरु का एक हाथ परमात्मा से जुड़ा है और दूसरा हाथ उन्होंने शिष्य के लिए स्वतंत्र छोड़ रखा है। सीधे परमात्मा तक कोई पहुंच नहीं सकता है। गुरु माध्यम हैं और कभी-कभी माध्यम ही मंजिल बन जाता है। कभी भी किसी को गुरु बनाएं तो उसमें परमात्मा की छवि ही देखें।

*सूरदास जी ने हमें समझाया है कि गुरु और परमात्मा में कोई भेद नहीं है। जब किसी को गुरु बनाएं तो ये मानकर चलें कि गुरु का एक हाथ परमात्मा से जुड़ा है और दूसरा हाथ उन्होंने शिष्य के लिए स्वतंत्र छोड़ रखा है। सीधे परमात्मा तक कोई पहुंच नहीं सकता है।*

# संदीप बघेल गोली कांड में पीड़ित परिवार से मिले बसपा प्रदेश अध्यक्ष

अमर ख्याल ।राजेश कुमार



मथुरा। छाता के गांव बहरावली में होली के दिन पूर्व प्रधान के बेटे की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। पीड़ित परिवार के बीच बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने पहुंचकर न्याय दिलाने का ढांढस बंधाया और कहा बसपा पीड़ित परिवार के साथ है।

मीडिया से बातचीत में बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा योगी सरकार में जंगलराज कायम है। आए दिन अत्याचार उत्पीड़न की घटनाएं दिनों दिन बढ़ती जा रही है। अपराधी देश छोड़कर भाग गए हैं तो फिर अपराध करने वाले कौन हैं बहरावली निवासी पूर्व प्रधान गंगाधर का बेटा संदीप (१८) बुधवार सुबह परिवार के ही परसौती के घर गुलाल लगाने गया। वहां शाहरुख और शाहिद में आपस में गाली-गलौच कर रहे थे। किसी बात को लेकर संदीप की गोली मारकर हत्या कर दी।

पूर्व प्रधान के बेटे की हत्या के बाद से गांव में तनाव का माहौल हो गया। हत्यारोपियों के परिवारों के घरों पर ताले लटक गए हैं। उधर, मृतक के परिवार में होली खुशियां मातम में तब्दील हो गईं। तीन भाई और बहनों में सबसे छोटे संदीप की हत्या ने पूरे परिवार को झकझोर दिया। एहतियात के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। इस मौके पर बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल, गोरेलाल जाटव, दारा सिंह आजाद, जिलाध्यक्ष विवेक कुमार, गोवर्धन सिंह, सत्यप्रकाश कर्दम, जीतेंद्र सिंह सहित सैकड़ों बसपा कार्यकर्ता थे।

## डलमऊ गंगा तट व मंदिरों के प्रांगण पर चलाया गया स्वच्छता अभियान



**अमर ख्याल ।सोनी कुमारी**

**रायबरेली।** गंगा मैया सेवा के क्रम को आगे बढ़ाते हुए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा चलाया गयाअभियान योगेंद्र शुक्ला जिला संयोजक गंगा सेवा भारत सेवा के क्रम को आगे बढ़ाते हुए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा सेवा सप्ताह के क्रम में जिला संयोजक योगेंद्र शुक्ला जी के नेतृत्व में डलमऊ गंगा तट व मंदिरों के प्रांगण को स्वच्छ किया गया!! इस सेवा कार्य को मां पथवारी देवी घाट से शुरू कर महावीरन घाट पर समाप्त किया गया 250 मीटर मे बने इन घाटों को स्वच्छ किया गया तथा इन पर निर्मित सभी मंदिरों के प्रांगण को स्वच्छ किया गया जहां 1 दर्जन से अधिक कार्यकताओं ने सहभागिता की.. इस क्रम में अंजनी श्रीवास्तव,अमरनाथ ,संतोष देवंशी ,महेंद्र कुमार, शशिकांत, करण पाठक ,शिवा ,शिवाकांत, राहुल, रमेश, पंकज ,मनोज, पुरुषोत्तम ,अभिषेक द्विवेदी आदि लोग उपस्थित रहे !

# नशा मुक्त होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



अमर ख्याल ।सोनी कुमारी

प्रदेश एवं भारत देश का नाम रोशन कर सकें आज के युवा नशे से दूर रहें कर जो नशे की गर्त में फंसा उसके पास कुछ भी नहीं बचा बीजेपी सांसद कौशल किशोर महराजगंज रायबरेली नशा मुक्त होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन । नशा नाश का द्वार है आज के युवा जिस तरह नशे की तरफ बढ़ रहे हैं वाकई में यह चिंताजनक बात है। समस्त युवाओं से अपील है कि आप लोग नशा से जितनी अधिक दूरी बना सकें बनाए और साथ आप अपने हमउम्र युवाओं को भी नशे की तरफ न जाने की सलाह देते रहें जिससे कि हमारे देश के युवा आगे चलकर क्षेत्र जिला प्रदेश एवं भारत देश का नाम रोशन कर सकें नशे की गर्त में जो भी फंसा है उसके पास कुछ भी नहीं बचा है। यह उद्गार आज नवीगंज मजरे गुनावर में मोहनलालगंज सांसद कौशल किशोर नशा मुक्त होली मिलन समारोह के अवसर पर व्यक्त कर रहे थे । वही चेयरमैन प्रतिनिधि महराजगंज प्रभात साहू ने भी युवाओं से अपील की नशा घर परिवार समाज सब जगह हमारी स्थिति गिरा देता है। इसलिए आज के युवा नशे से बचें। नवीगंज मजरे गुनावर मे ग्राम प्रधान अनुराधा दीक्षित ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वीरेंद्र दीक्षित के द्वारा नशा मुक्त होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे मोहनलालगंज बीजेपी सांसद कौशल किशोर ने रंग गुलाल लगाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी वहीं के युवाओं से अपील की कि नशे से आप लोग दूरी बनाकर रखें इस मौके पर पूर्व विधायक राजाराम त्यागी प्रभात साहू नागेंद्र दीक्षित सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे ।

# बेसिक शिक्षा विभाग के सहयोग से माहवारी स्वास्थ्य प्रबंधन पर बैठक आयोजित



अमर ख्याल । विपिन तिवारी

सीतापुर। जनपद मे ब्लॉक लहरपुर- क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय व दोस्तपुर में महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को आरोहिणी कार्यक्रम और पैड एंड प्रेज्यूडिश कार्यक्रम के प्रयास, व बेसिक शिक्षा विभाग सीतापुर के सहयोग से माहवारी स्वास्थ्य प्रबंधन पर बैठक आयोजित की गई। जिसमें आयोजित बैठक के दौरान उपस्थित छात्राओं एवं माताओं ने अपनी बात रखी, जानकारी के मुताबिक लहरपुर क्षेत्र के ग्राम दोस्तपुर में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में माहवारी प्रबंधन पर माताओं व छात्राओं के साथ बैठक कर एक विशेष कक्षा सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें माहवारी से जुड़ी जानकारी के साथ-साथ आरोहिणी कार्यक्रम और पैड एंड प्रेज्यूडिश कार्यक्रम द्वारा निशुल्क रियूजबल सेनेटरी पैड और मासिक धर्म कप का वितरण किया गया, बैठक के दौरान लगभग 35 माताएं और कक्षा सत्र में 40 छात्राएं शामिल हुए, जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ आरोहिणी कार्यक्रम की संयोजिका प्रियंका ने महिलाओं की वर्तमान स्थिति को जानने से शुरू की, बेड एंड प्रेज्यूडिश कार्यक्रम की संचालिका जरीन ने बालिकाओं से उनके अनुभव को जानते हुए माहवारी प्रबंधन की जानकारी दी साथ ही उन्होंने बताया की यह कोई शर्म का विषय नहीं है बल्कि इस पर हमें खुल कर बात करनी चाहिए, बैठक में माताओं ने माहवारी से जुड़ी समस्याओं पर खुलकर चर्चा की, चर्चा के अंत में बेड एंड प्रेज्यूडिश कार्यक्रम के अंतर्गत जुबैदा ने बेहतर स्वास्थ्य एवं सुरक्षित वातावरण हेतु फिर से इस्तेमाल किए जाने वाले पैड़ एंड मेंस्ट्रूअल कप के बारे में विस्तार से बताया और उपहार स्वरूप माताओं को वितरित किया गया।

## दुष्कर्म करने के आरोप में अभियुक्त 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार

अमरख्याल ।रामसिंह

गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में व पुलिस अधीक्षक उत्तरी गोरखपुर व क्षेत्राधिकारी कैम्पिरगंज के कुशल पर्यवेक्षण में व जयन्त कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर के कुशल निर्देशन में उ0नि0 दिनेश बहादुर सिंह मय हमराह का0 घनश्याम यादव के द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 126/2023 धारा 376 भादवि से संबंधित अभियुक्त मनोहर पुत्र रामकरन निवासी ग्राम साखी उर्फ मेहदरिया ,थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया ।अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# मुख्यमंत्री के प्राथमिकताओं में शामिल मुसहरों के साथ घोर अन्याय कर रहा स्वास्थ विभाग..पप्पू पांडेय



अमर ख्याल । मधु शाह

पडरौना/कुशीनगर। विकास खण्ड पडरौना के जंगल बेलवा में स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ चेतावनी चौपाल का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्वांचल किसान यूनियन के अध्यक्ष पप्पू पांडेय रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पप्पू पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्राथमिकताओं में शामिल मुसहर समाज के साथ घोर लापरवाही और उदाशीनता कर रहा स्वास्थ विभाग। पूरे दलित मुसहर बस्तियो में वायरल बुखार, जल जनित रोग से असमय मृत्यु और इंसेफ्लाइटिस मौसमी बुखार के दंश को झेल रहा हैं लेकिन कुशीनगर का स्वास्थ्य विभाग बार बार सूचना के बाद भी किसी भी दलित मुसहर गाव में अभी तक किसी भी तरह का मेडिकल कैम्प नही लगवा रहा हैं। अशिक्षा और गरीबी के दंश को झेल रहा मुसहर समाज के पास खाने तक के लाले पड़े हैं तो दवा कहा से कराएगा। मुसहर बस्तियों के आस-पास कोई प्राथमिक केंद्र हैं तो वहां कोई भी स्वास्थ कर्मचारी रात्रि विश्राम नही करता हैं और अगर मुसहर जाते भी हैं तो उनके साथ भेदभाव करते हुए डॉक्टर और कर्मचारियों द्वारा बाहर का दवा लिख दिया जाती हैं जो कि किसी भी तरह बर्दाश्त योग्य नही हैं लोकतंत्र में हर नागरिक का मौलिक अधिकार हैं कि सरकार द्वारा हर गरीब समाज के हर वर्ग के लोगों को हर प्रकार का स्वस्थ सुबिधा मुहैया कराए। सरकार द्वारा धन का आवंटन हो रहा लेकिन कुशीनगर का स्वास्थ्य विभाग के भ्रष्टाचार के चलते स्वास्थ लाभ गरीब मुसहर तक नही पहुँच पा रहा हैं।आगे कहा कि अगर शिघ्र स्वास्थ्य विभाग अपने भ्ष्टार्चार से बाहर निकल कर,मुसहर बस्तियों, गरीब बस्तियां में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद पर कर्मचारियों के रात्रि निवास और ज्यादा से ज्यादा स्वस्थ सुविधा उपलब्ध नही किया तो होगा बृहद आंदोलन। इस अवसर पर मुनिया,छेदी,सुखी,रम्भा,श्रीकिशुन,जवाहिर,फूल कली,रामवती,सृजज्वती,सोमारी आदि सैकड़ो मुसहर उपस्थित रहे

# दबंगो के कहर से जी रहा परिवार एक ब्रह्मण परिवार का जीना किया दुष्वार

अमर ख्याल ।विपिन तिवारी



लहरपुर/ सीतापुर। बीते दिवस पांडे पुरवा थाना हरगांव मे हरिजनों ने एक ब्रह्मण परिवार का जीना किया दुष्वार। थाना हरगांव के पांडे पुरवा निवासी मात्र एक ब्राह्मण परिवार को वहां के कई दर्जन हरिजनों ने एक जुट होकर जीना किया दुश्वार । विगत लगभग तीन माह पूर्व अश्विनी पुत्र रामकुमार, रामकुमार पुत्र अंगने, संजय पुत्र राजा राम,दीलीप पुत्र छोटे, सर्वेश पुत्र प्रताप, प्रताप पुत्र बंधा, मोनू पुत्र श्रीपाल, पप्पू पुत्र जगदीश,गंगा राम पुत्र दुजई, गौतम पुत्र गंगा राम,लोटन पुत्र अंगने,आदि, लोगों के विरुद्ध, धारा 107/16 के तहत प्रभारी निरीक्षक आलोक मणि त्रिपाठी ने पंजीकृत करवाया था अभियोग। उसी रंजिश के चलते, रास्ते में सुनियोजित तरीके से दो ट्रेक्टर खडे करके। रास्ते को अवरुद्ध किया था। ।उसी को लेकर बीते दिवस दिनांक 8/3/2023 दिन बुधवार राष्ट्रीय पर्व होली के दिन

ब्राम्हण परिवार के लोग मेन रास्ते से दुकान पर होली का सामान लेने जा रहे थे तभी हरिजनों ने रास्ते में दो ट्रैक्टर खडा कर रास्ता रोक दिया और ब्राह्मण परिवार को अपशब्दों से नवाज ते हुए लाठी डंडों से अचानक जानलेवा हमला कर दिया। और बाल-बाल बड़ी अनहोनी से बचा इकलौता ब्राह्मण परिवार वरना जान से मारने की दे रहे धमकी ।जो सोशल मीडिया पर वायरल विडियो में देखा जा सकता है पीड़ित ब्राह्मण परिवार ने हरगांव थाने में की शिकायत । पीड़ित परिवार के मुखिया अतुल कुमार पाण्डेय ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया ।की आज दिनांक 8/3/2023 की सुबह 10 बजे भतिजा राघवेन्द्र पांडेय पुत्र देवेंद्र पांडे उम्र 16 वर्ष कौशलेंद्र पांडे पुत्र देवेंद्र पांडे उम्र 14 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल से दुकान पर होली का सामान लेने जा रहे थे। विपक्षी गणों ने बीच रास्ते में दो ट्रैक्टर खड़ा करके रास्ते को अवरुद्ध कर दिया था । और रास्ते पर समर सेबुल से नाजायज कीचड़ करने के उद्देश्य से पानी बहा रहे थें। जिसको नाबालिक बच्चों के द्वारा मना करने पर। विपक्षी, अश्विनी पुत्र रामकुमार उर्म 23 वर्ष , वीरेश कुमार पुत्र राम कुमार,। उम्र करीब 20 वर्ष निवासी पांडेय पुरवा,व रामगोपाल पुत्र सिया राम निवास ग्राम अंगेठा उम्र करीब 30 वर्ष ने मारने पीटने लगे। इसकी जानकारी जब देवेन्द्र पाण्डेय को हुई। तों मौके पहुंचे इतने में वहां हरिजनों एवं आरखो का भारी हुजूम एकत्रित हो गया और देवेंद्र को भी मारने पीटने लगे इसकी भनक जब परिवार के अन्य सदस्यों को हुई तो वह भी मौके पर पहुंचे उन लोगों को भी भारी हुजूम के बीच लाठी डंडा एक और पत्थरों से घसीट घसीट कर मारा पीटा गया ।

पुलिस ने प्राथना प्रत्र के आधार पर नीरज पुत्र जगदीश सर्वेश पुत्र प्रताप श्याम किशोर पुत्र संतलाल शोभित पुत्र श्याम किशोर पप्पू पुत्र जगदीश मोनू पुत्र श्रीपाल , अश्वनी कुमार पुत्र रामू वीरेश कुमार पुत्र रामू नीरज पुत्र जगदीश सर्वेश पुत्र प्रताप निवासी गण पांडे पुरवा, व राम गोपाल पुत्र सियाराम निवासी ग्राम अंगेठा मजरा शेरपुर ,अजय पुत्र राजाराम, धनी पुरवा देवेंद्र पुत्र मनोहर निवासी,कोरैया सरावां। लगभग एक दर्जन से अधिक अज्ञात धारा 147/341/323/504/506/427 के तहत अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही प्रारंभ की।

# आदर्श पत्रकार एकता एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण सिंह आचार्य की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ




**अमर ख्याल । विपिन तिवारी**

**सीतापुर।** जनपद के लहरपुर नगर के मोहल्ला गांधी नगर स्थित बसर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल व कंप्यूटर संस्थान में आदर्श पत्रकार एकता एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण सिंह आचार्य की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ । इस होली मिलन समारोह के अवसर पर अरुण सिंह आचार्य ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी सौहार्द एवं भाईचारा बढ़ाता है और नफरतों और बुराइयों को दफन करता है इसलिए ईश्वर से यही प्रार्थना है की आप लोग एक दूसरे से सौहार्द बनाकर जनता के बीच में भाईचारा बढ़ाएं और उन को अपनी ओर आकर्षित करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हाशिम अंसारी पत्रकार ने कहा की आपसी प्यार और एकता का परिचायक होली मिलन... हम सब को एकता का संदेश देते हुए एक साथ मिलजुल कर रहने की प्रेरणा देता है उन्होंने कहा कि होली मिलन समारोह का आयोजन संस्थान की ओर से आयोजित किया गया यह एक बहुत ही अच्छी परंपरा है और इसको जीवंत बनाए रखने की आवश्यकता है । वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिवम अवस्थी पत्रकार ने कहा कि जिस प्रकार मनुष्य को अपने स्वस्थ जीवन के लिए उत्तम खानपान की आवश्यकता होती है ठीक उसी प्रकार समाज में अपने सामाजिक वातावरण को बेहतर बनाए रखने के लिए आपसी एकता, भाईचारा, आपसी सौहार्द की आवश्यकता होती है इसलिए हम सब को एक साथ मिलकर सभी पर्व मनाने नहीं चाहिए ताकि हम सब एकता का परिचायक बन सके ।इस मौके पर मुस्तकीम अहमद, दानिश, तरन्नुम बानो, शाहिना मिर्जा, मिसबा, फरहीन, अयाज, जितेंद्र, मौलाना अदनान आदि मौजूद रहे ।कार्यक्रम के अंत में संस्थान के प्रबंधक जकी बशर के द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया ।

## नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**अमरख्याल रामसिंह**

**गोरखपुर।** जनपद गोरखपुर में अपराध एवं अपराधियों पर पूर्ण रुप से अंकुश लगाये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये व महिला सम्बन्धी अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर गोरखपुर के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैण्ट के कुशल मार्गदर्शन में शशि भूषण राय प्रभारी निरीक्षक कैण्ट पुलिस की टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 186/2023 धारा 363/366भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अमित निषाद पुत्र अवध राज निषाद निवासी महादेव झारखण्डी टु0नं0-1 टोला महरवँ की बारी थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# नाबालिग किशोरी के साथ में युवक ने किया दुष्कर्म थाने में हुआ मुकदमा दर्ज

## पटवाई थाना क्षेत्र के एक गांव के दो संप्रदायों से जुड़ा हुआ है मामला

**पटवाई थाना प्रभारी हरेंद्र यादव ने बताया है कि पीड़ित किशोरी की मां की तरफ से तहरीर प्राप्त हो गई है हमने पोस्को एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है सोमवार को लड़की के कोट में 164 के बयान होने हैं उसके बाद जल्द लड़के को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया जाएगा**

**अमर ख्याल। राहुल कुमार पटवाई** । होली के त्यौहार पर नाबालिग किशोरी के साथ युवक ने सामूहिक दुष्कर्म कर दिया शोर-शराबा सुनकर गांव वालों की भीड़ देखकर युवक मौका पाकर फरार हो गया। रुद्रपुर फैक्ट्री से काम करके अपने गांव होली मनाने आई किशोरी के साथ में गांव के ही एक युवक ने गेहूं के खेत में दुष्कर्म कर दिया। मामला दो संप्रदाय से जुड़ा हुआ है 9 मार्च को रुद्रपुर से अपने गांव होली मनाने आई किशोरी के साथ गांव के ही एक युवक ने गेहूं के खेत में दुष्कर्म कर दिया। उसके नाजुक अंगों के साथ में भी छेड़छाड़ की है। किशोरी अपनी जान बचा कर अपने घर आ गई और सारी बात अपनी मां को बताई मां ने 9 मार्च शाम को ही पटवाई थाने पहुंचकर पटवाई थाने में पहुंचकर थाना प्रभारी हरेंद्र यादव को प्रार्थना पत्र सौंपा

# शव सूटकेस में भर कर फेंक आया

## कलयुगी बेटे ने अपने ही पिता का गला रेत कर किया हत्या

**अमरख्याल ।राम सिंह**

**गोरखपुर 12 मार्च।** के तिवारीपुर थाना क्षेत्र के सूर्य विहार से एक दर्दनाक खबर निकल कर सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार एक पुत्र ने अपने ही पिता की गला रेत कर हत्या कर दी और फिर सूटकेस में भर कर उसका शव गली में छोड़ दिया। जानकारी के अनुसार पिता के रुपये न देने पर कलयुगी बेटे ने चाकू से गला रेतकर हत्या करने के बाद पिता का धड़ से सिर अलग कर दिया। वारदात के बाद शव को ट्राली बैग में रखकर सूर्य विहार कालोनी में फेंक दिया। घर में खून के निशान व पिता के गायब होने पर छोटे भाई ने सूचना पुलिस को दी आरोपित को हिरासत में लेकर तिवारीपुर थाना पुलिस ने पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने शव बरामद किया। जानकारी के अनुसार सूर्यकुंड आवास विकास कालोनी निवासी 62 वर्षीय मधुर मुरली गुप्ता अपने घर में हार्डवेयर की दुकान चलाते थे। उनकी पत्नी की एक वर्ष पहले मृत्यु हो गई थी। बड़े पुत्र प्रिंस गुप्ता उर्फ संतोष और छोटे पुत्र प्रशांत व मां के साथ घर पर रहते थे। आर्थिक तंगी से जूझ रहा बड़ा बेटा प्रिंस, पिता से रुपये मांग रहा था। पैसे न मिलने की दशा में कलयुगी बेटे ने अपने ही पिता की गला रेत कर हत्या कर दी।



# अच्छे लाल साहू ने स्वच्छता बनाए रखने की ग्रामवासियों से की अपील



अमरख्याल । राम सिंह

**चौरी चौरा।** विकास खंण्ड सरदार नगर के डुमरी खास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में ग्राम प्रधान अच्छे लाल साहू की अध्यक्षता में आयोजित किया गया स्वास्थ्य मेला में आशा कार्यकत्री आंगनवाड़ी,स्वास्थ्य विभाग कि टीम और समुह की महिलाएं तथा गांव के ग्रामीण ने मिलकर गांव में साफ सफाई एवं स्वच्छता का संदेश देते हुए हर घर शौचालय एवं सार्वजनिक शौचालय होने के बावजूद भी खुलें में शौच करने वालों के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाकर हो रहे सड़कों पर गंदगी से गांव को निजात मिल सके इस मिशन के तहत उपरोक्त सभी महिलाओं एवं पुरुषों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए महिलाओं की टीम बनाकर निगरानी करने को कहा बेहतर प्रदर्शन करने वाले को आगामी बैठक में उचित पुरस्कार देकर सम्मानित करने की बात कही साथ ही स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ प्रतिभा त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि खुलें में शौच करने से संक्रमण जैसे की डायरिया,टायफाइड जैसी भयानक बिमारियां उत्पन्न होती है बैठक में मुख्य रूप से जयशंकर मिश्र ए एन एम सरिता देवी आंगनबाड़ी कार्यकत्री अनिता रंम्भा मालती आशा इंदू किरन चौहान,रतन,श्रवण गजेन्द्र पाण्डेय, सतीश, वशिष्ठ सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

# स्वास्थ्य केंद्र रेउसा में पांच दर्जन से अधिक चिकित्सक होने के बावजूद भी चिकित्सक नदारद।

## रेउसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में योगी सरकार के फेल हो रहे दावे

अमर ख्याल । अंकित मिश्रा

सीतापुर। रेउसा क्षेत्रीय विधायक द्वारा गोद लिया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रेउसा बदहाली का शिकार है । कागजों पर नौ चिकित्सक सहित लगभग पांच दर्जन कर्मचारी तैनात होने के बावजूद शुक्रवार की शाम से शनिवार लगभग ग्यारह बजे तक एक्स रे कक्ष ,दंत कक्ष,बीपी एम यू कक्ष में ताला लटक रहा है। मलहम पटटी कक्ष ,इमरजेंसी डयूटी, फार्मासिस्ट, रिकॉर्ड रूम, आयुष्मान कार्ड मित्र कक्ष के गेट तो खुले हुए हैं मगर कर्मचारी नदारद हैं ।गांजरी क्षेत्र की 98 ग्राम पंचायतों की स्वास्थ्य सेवाओं का जिम्मा संभाले हुए इकलौता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों की




संख्या में मरीज आते हैं शुक्रवार की रात आठ बजे से शनिवार सुबह ग्यारह बजे तक समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक भी चिकित्सक ड्यूटी पर मौजूद नहीं था । शुक्रवार रात्रि में अस्पताल में मौजूद डॉक्टर शैलेंद्र वर्मा का एक मेडिकल स्टोर संचालक से किसी बात को लेकर विवाद होने पर वह भी ड्यूटी छोड़कर रात में ही घर वापस चले गए । अस्पताल आने वाले मरीजों को इधर-उधर भटकना पड़ा । सामूदायिक स्वस्थ्य केंद्र में डॉक्टर सुनील यादव, शैलेंद्र वर्मा, विकास मिश्रा, तेज प्रताप सिंह, नरेश बाबू , दीपिका, निर्मला चौधरी, प्रमोद गुप्ता, महबूब कुरेशी, आदि चिकित्सकों की पूरी टीम तैनात है इसके बावजूद स्वस्थ्य केंद्र का हाल बेहाल है । फार्मासिस्ट गिरीश त्रिपाठी द्वारा आने वाले मरीजों को इमरजेंसी में देखा जा रहा था ।शनिवार को एक्सरे कक्ष के बाहर सुबह नौ बजे से बैठे बेलहा दरियाना निवासी सुनील कुमार,गौलोक कोड़र गांव के गरीबी चेस्ट के एक्सरे के लिए बैठी थीं वहीं हाथ फैक्चर महिला मनीषा इधर उधर भटक रही थीं, काफी देर तक प्रतीक्षा के बाद एक्सरे कक्ष में ताला न खुला देखकर एक्सरे बाहर कराया, उसके बाद फार्मासिस्ट गिरिश त्रिपाठी को दिखाने पर उन्होंने बताया कि यहां पर डॉक्टर साहब नहीं हैं आप बाहर जांच इलाज करा लें । सामूदायिक स्वस्थ्य केन्द्र में पैदा हुई अव्यवस्थाओं के बाबत अधीक्षक डॉ0 विकास मिश्र ने बताया कि सम्बन्धित चिकित्सकों व कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा ।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर करनैलगंज सहित विभिन्न स्थानों पर किया गया पैदल गस्त , लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

अमर ख्याल संवाददाता

गोंडा । पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर के निर्देशन में जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने हेतु सर्किल करनैलगंज के सभी थानों द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ क्षेत्र में पैदल गश्त वाहन चेकिंग कर आमजन को दिलाया गया सुरक्षा एहसास पुलिस अधीक्षक गोंडा तोमर के निर्देश पर जनपद के करनैलगंज के सभी थाना क्षेत्रों में भारी पुलिस बल के साथ पुलिस ने किया पैदल व सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा आम जनमानस को किया

# कीचड़ में खिले कमल पर नहीं पहुंच पा रहा वहां बाबा का बुलडोजर।

## विकास प्राधिकरण की घोषणा के बाद जमीनों पर भू माफियाओं की पैनी नजर

अमर ख्याल । अंकित मिश्रा

सीतापुर। उ०प्रदेश में मा० योगी जी की दोबारा बनी सरकार का एक वर्ष पूरा हो चुका है !बहुत जोरों से प्रचार प्रसार किया जा रहा है कि जनहित में विकास बहुत तेजी से किया जा रहा है !परंतु हकीकत कुछ और ही बयान करती है !विकास कागजों पर सिमट गया है और भ्रष्टाचार चरम पर है !बुलडोजर बाबा नाम की मिली उपाधि के अलावा हर तरफ आसमान छू रही मंहगाई व सीमित दायरे में सीमित हो रहे किसान,मजदूरो के साथ लघु एवं सीमांत व्यापारी वर्ग व बेरोजगार त्राहि माम की माला जपने के लिए मजबूर हैं !गिने और चुने पूंजीपतियों के चंगुल में फंसी केन्द्र सरकार अपना मुंह छुपाने की स्थिति में विपक्ष के नेताओं के लिए तुगलकी फरमान जारी कर उन्हें दहशत में



लेना चाहती है !वहीं उत्तर प्रदेश में चल रहा बुलडोजर अवैध कब्जा अभियान लोगों में मजाक का पर्याय बन रहा है?कीचड़ में खिले कमल तक पहुंचने में वह असफल है !चलता सिर्फ वही है जहां दहशत का लाभ उठा कर अपना राजनीतिक उल्लू सीधा हो जाए !यह बात किसान मंच राष्ट्रीय सचिव/प्रदेश प्रभारी( उ०प्र०)शिव प्रकाश सिंह, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी अल्पना सिंह,जिला प्रभारी नवल किशोर मिश्रा, मंडल अध्यक्ष सरदार निर्भय वह ठाकुर प्रसाद अर्कवंशी ने आज नैमिष में क्षेत्रीय पदाधिकारियों से मिली सूचना पर वहां हो रहे अवैध अतिक्रमण और अवैध निर्माण को मौके पर देखते हुए जारी बयान कहा कि लखनऊ नैमिष मार्ग पर मजरा बकैनिया गाटा संख्या 439 जो ग्राम समाज की जमीन पर अवैध निर्माण व प्लाटिंग सहित चारों तरफ किए जा रहे अवैध कब्जों हेतु जिम्मेदारो सहित समूचे जनपद में प्रशासन की मिली भगत से किए जा रहे अवैध निर्माणों पर सभी ने इस एक मत होकर कहा कि हाइवे सीतापुर से कनवाखेड़ा होकर रामकोट जाने वाले मार्ग पर कृषि फार्म हेतु( ए-1) श्रेणी की जमीन पर बगैर नक्शों अवैध निर्माण के साथ नैपालापुर से लखनऊ मार्ग बाईपास पर यही खेल चल रहा है !नैपालापुर से कसरैला मार्ग पर (एमप्त1) अनारक्षित जमीन पर एस एम डी कालोनी बनी है ! हाइवे पर जमैयतपुर में पार्क ग्रीन बेल्ट (पीप्त1)जमीन पर कामर्शियल भवनों का निर्माण जारी है,किसान मंच द्वारा पूर्व में भूमाफियाओं के विरुद्ध दिए गए ज्ञापन व किए गए धरना प्रदर्शन के बात जिला प्रशासन द्वारा या तो जांच ही नहीं की गई या कागजी खानापूर्ति कर क्लीन चिट दे दी गई !किसान मंच प्रशासन द्वारा अपनाए जा रहे इस दोहरे मापदंडों की घोर निन्दा करता है,साथ ही इन ज्वलंत मुद्दों पर अविलंब ठोस एवं प्रभावी कार्रवाई की मांग करता है! अन्यथा की स्थिति अवैध कब्जा स्थलों पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा!

# न्याय चला निरधन से मिलने, सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

अमर ख्याल । अशोक कुमार

बहराइच। रुपईडीहा रामपुर देव संस्कृति ग्रामोदय इंटर कॉलेज में 15 मार्च को प्रस्तावित विधिक जागरूकता शिविर आयोजन समन्वय के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया' समूचे परिक्षेत्र से नशामुक्त समाज बनाने का सामुहिक संकल्प भी लिया गया, नशा उन्मूलन चौपाल का भी आयोजन किया गया'देव संस्कृति ग्रामोदय इंटर कॉलेज में आयोजित नशा उन्मूलन चौपाल को संबोधित करते हुए तहसीलदार नानपारा (सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण) पीयूष श्रीवास्तव ने बताया की, नशा एक सामाजिक समस्या है इसपर पूर्ण विराम तभी संभव है जबकी समाज के जागरूक लोग जन जागरण अभियान चलाकर आमजन को नशे से होने वाले कुप्रभावों के बारे में अवगत कराएं'तहसीलदार ने आवाहन करते हुए कहा की समाज मे नशाखोरी के बढ़ रहे प्रचलन को समाप्त करने के लिए सब लोग अवैध नशा कारोबारियों को चिन्हित कर प्रशासन को अवगत कराएं साथ ही जन जागरूकता अभियान भी चलाए ।

तहसीलदार ने बताया की आगामी 15 मार्च को कॉलेज में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विधिक चौपाल का आयोजन प्रस्तावित है जिसमे



विकास विभाग कृषि विज्ञान केंन्द्र , उद्यान विभाग व कृषि विभाग, वन विभाग के लोग सहभाग कर जागरूकता प्रदर्शनी भी लगाएंगे ।सहकारिता आधारित खेती को समसामयिक बताते हुए उन्होंने कहा की इससे कृषि उत्पादन भी बढ़ेगा और खेती तथा पशुपालन तथा बागबानी लाभप्रद हो सकेगा।विद्यालय प्रबंधक रूल ऑफ लॉ सोसायटी अध्यक्ष बहराइच (अवध) क्षेत्र संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया की तराई इलाकों में बढ़ रहा नशा प्रचलन घातक एवं भयावह है, इसपर प्रभावी नियंत्रण के लिए समाज के जागरूक लोगों के सहयोग से जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है।

कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी पत्रकार धीरेंद्र शर्मा ने किया।

किसान परिषद महामंत्री प्राचार्य शिव पूजन सिंह ने किसान सम्मान निधि योजना में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने का प्रस्ताव रखा।

आयोजित बैठक में प्रमुख रूप से प्राचार्य शुभम श्रीवास्तव , समाजसेवी राज त्रिपाठी , एकल विद्यालय अभियान संचालक अर्जुन प्रसाद , निखिल कुमार , माध्यमिक शिक्षक संघ उपाध्यक्ष प्रवक्ता राजीव श्रीवास्तव , प्रगतिशील कृषक बद्री सिंह , समाजसेवी शिवराज सिंह ,पत्रकार डॉ अब्दुल खबीर ,पत्रकार सरफराज , पत्रकार सन्तोष मिश्रा, स्थानीय कृषक दुर्गेश वर्मा , प्रवक्ता रमाकांत तिवारी , राज त्रिपाठी, किसान नेता जगदीश सहित स्थानीय समाजसेवी एवं प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे ।समापन अवसर पर सीमावर्ती परिक्षेत्र से अवैध नशा कारोबार को समाप्त करने का सामुहिक संकल्प भी लिया गया।

# नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन व लोकतंत्र सेनानी कमरुद्दीन का निधन, जिले में शोक की लहर

## (ब्रेन हैमरेज के चलते पिछले कई दिनों शहर के एक निजी अस्पताल में चल रहा था इलाज )

अमर ख्याल। अशोक सागर

गोंडा। गोंडा नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन और लोकतंत्र सेनानी रहे समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता कमरुद्दीन उर्फ कमर का रविवार की सुबह निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे। कुछ महीनों से वह बीमार चल रहे थे। पिछले दिनों उन्हे ब्रेन हैमरेज हुआ था और शहर के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। शुक्रवार को उनके ब्रेन ने काम करना बंद कर दिया था। रविवार की भोर में उनकी बेटी व नगर पालिका परिषद की निर्वतमान चेयरमैन उज्मा राशिद ने अपने फेसबुक एकाउंट पर पोस्ट साझा कर पूर्व चेयरमैन के निधन की सूचना दी तो जिले में शोक की लहर दौड़ गई। भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप उर्फ बमबम व सपा नेता सूरज सिंह अन्य कई राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों व समाजसेवियों ने उनके आवास पर पहुंचकर



श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। पूर्व चेयरमैन के आवास पर बड़ी संख्या में उनके समर्थक मौजूद है। पूर्व चेयरमैन की सिर्फ एक बेटी उज्मा राशिद हैं जो अस समय नगर पालिका परिषद की निर्वातमान चेयरमैन हैं।

**आपातकाल में 18 महीने तक जेल में रहे थे पूर्व चेयरमैन कमरुद्दीन**

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे कमरुद्दीन जिले में काफी लोकप्रिय थे। राजनीति में अल्पसंख्यक समुदाय का वह बड़ा चेहरा माने जाते थे। सरल स्वभाव के धनी कमरुद्दीन से हर कोई आसानी से मिलकर अपनी बात कह सकता था। उनकी छवि आम लोगों की लड़ाई लड़ने वाले एक जननेता के रूप में थी। कमरुद्दीन को सपा के कद्दावर नेता व जिले के पूर्व मंत्री रहे

स्व विनोद कुमार सिंह उर्फ पंडित सिंह का करीबी माना जाता था। एक समय स्व पंडित सिंह ,कमरुद्दीन व पूर्व ब्लाक प्रमुख रहे स्व साबिर अली की जोड़ी काफी लोकप्रिय थी। वर्ष 1977 में आपातकाल के दौरान उन्होने 18 महीने तक जेल की सजा काटी थी। इसलिए कमरुद्दीन को लोकतंत्र सेनानी का दर्जा मिला था?।1989 में पहली बार बने थे चेयरमैन युवावस्था से ही राजनीति में सक्रिय रहे कमरुद्दीन ने पहली बार वर्ष 1989 में तराजू चुनाव निशान के साथ चुनाव लड़ा था और जीत हासिल कर नगर पालिका परिषद के चेयरमैन बने थे। वर्ष 1992 में मुलायम सिंह के करीब आए और समाजवादी पार्टी शामिल हो गए। हालांकि 1996 में उन्होने गोंडा सदर से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विधानसभा का चुनाव लड़ा लेकिन सफलता नहीं मिली। वर्ष 2000 में वह दूसरी बार नगर पालिका के चेयरमैन बने।? वर्ष 2017 के नपाप चुनाव में सपा के टिकट पर उनकी बेटी उज्मा राशिद नगर पालिका परिषद की चेयरमैन बनी। हालांकि इस चुनाव को जीतने के लिए कमरुद्दीन पर अपरोक्ष रूप से भाजपा की मदद लेने का भी आरोप लगा। चुनाव के बाद वह यदा कदा सदर बीजेपी विधायक के साथ मंच साझा करते भी देखे गए लेकिन अंत समय तक उनकी निष्ठा समाजवादी पार्टी में बनी रही। कमरुद्दीन सपा संस्थापक स्व मुलायम सिंह यादव व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के करीबी रहे।

# बिलारी नगर की रहने वाली आकांक्षा शर्मा का दरोगा के पद पर हुआ चयन परिवार में खुशी की लहर

## पीटीएस मेरठ के लिए ट्रेनिंग पर जाएंगी आकांक्षा शर्मा



**अमर ख्याल। राहुल कुमार**

**रामपुर।** बिलारी नगर की रहने वाली आकांक्षा शर्मा पुत्री उमेश कुमार शर्मा का उत्तर प्रदेश पुलिस में दरोगा के पद पर चयन हुआ है दरोगा के पद पर चयन होने से परिवार में खुशी की लहर है परिवार के साथ साथ मोहल्ले वासियों ने दरोगा के पद पर चयनित आकांक्षा शर्मा का फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया इस दौरान दरोगा के पद पर चयनित आकांक्षा शर्मा ने बताया कि आज वह ट्रेनिंग के लिए पीटीएस मेरठ के लिए जा रही हैं जहां पर उनकी 1 साल की ट्रेनिंग चलेगी इस दौरान उन्होंने बताया कि उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा हाई स्कूल की शंकर सहाय हरसहाय कन्या इंटर कॉलेज व इंटर की शिक्षा एच ऐसे इंटर कॉलेज इसी के साथ-साथ बीएससी एमजेपी रोहिलखंड से की है बताया कि उन्होंने घर पर पढ़ाई करने के साथ-साथ बिलारी नगर स्थित गुरुकुल कोचिंग सेंटर पर सरकारी जॉब की तैयारी की और उनका उत्तर प्रदेश पुलिस में दरोगा के पद पर चयन हुआ है आकांक्षा शर्मा ने दरोगा के पद पर चयनित होकर बिलारी नगर का नाम रोशन करने का काम किया है आकांक्षा शर्मा माता ममता शर्मा के साथ वह कुल 4 भाई-बहन है जिसमें उनकी सबसे बड़ी बहन प्रशंसा शर्मा छोटी बहन हिमांशी शर्मा एक भाई कवि है। इस दौरान आकांक्षा शर्मा का स्वागत करने पहुंची निखिल पांडे संजीव अग्रवाल रिंकू ठाकुर ध्रुव पाल शर्मा अशोक कुमार चौहान राहुल शर्मा राखी अग्रवाल ममता शर्मा मुन्नी देवी पूनम शर्मा के साथ सभी मोहल्ले वासी मौजूद रहे

# अयोध्या रेंज के डीआईजी रहे अमरेंद्र प्रसाद सिंह को देवी पाटन मंडल की कमान

अमर ख्याल । अशोक सागर

गोंडा। होली का त्योहार खत्म होने के दो दिन बाद शनिवार की देर रात प्रदेश सरकार ने 8 आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए। इस तबादले में देवी पाटन और अयोध्या मंडल के पुलिस उपमहानिरीक्षकों समेत सभी आठ पुलिस अफसरों की तैनाती में बदलाव किया गया है। देवी पाटन मंडल के डीआईजी रहे उपेंद्र अग्रवाल को लखनऊ कमिश्नरेट में संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था के पद पर तैनाती मिली है, जबकि अयोध्या मंडल के पुलिस उप महानिरीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह



देवी पाटन मंडल के नए डीआईजी बनाए गए हैं। आईपीएस प्रवीण कुमार अयोध्या रेंज के नए आईजी होंगे। प्रवीण कुमार अब तक मेरठ रेंज में तैनात थे। लखनऊ कमिश्नरेट के जेपीसी रहे पीयूष मोर्डिया अब यहीं अपर पुलिस महानिदेशक होंगे। आईपीएस नचिकेता झा को आगरा से हटाकर मेरठ रेंज का नया डीआईजी बनाया गया है। अलीगढ़ रेंज के आईजी दीपक कुमार अब आगरा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक होंगे। कानपुर कमिश्नरेट के अपर पुलिस आयुक्त सुरेशराव ए कुलकर्णी को अलीगढ़ परिक्षेत्र का नया डीआईजी बनाया गया है। लखनऊ एसआईटी के डीआईजी रहे आईपीएस अमित वर्मा अब कानपुर कमिश्नरेट के नए अपर पुलिस आयुक्त होंगे। देवी पाटन मंडल के नए डीआईजी बने अमरेंद्र प्रसाद सिंह वर्ष 2010 बैच के आईपीएस अफसर हैं। वर्ष 2022 में उन्हें अयोध्या रेंज का डीआईजी बनाया गया था। भू माफियाओं से निपटने की होगी चुनौती देवी पाटन मंडल के डीआईजी रहे उपेंद्र अग्रवाल ने जिले के भू माफियाओं के खिलाफ मोर्चा खोल रखा था। कूट रचित दस्तावेजों के जरिए लोगों की जमीन हड़पने के खेल के खुलासे का श्रेय उन्हें ही है। इस मामले में उनके आदेश पर 50 मुकदमें दर्ज किए जा चुके हैं। साथ ही इस घोटाले के मास्टरमाइंड समेत? कई लोग जेल में हैं। जमीनों के फजीर्वाड़े की जांच के लिए उन्होंने जिले स्तर पर एसआईटी का गठन भी कर रखा है। भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के भतीजे सुमित? भूषण सिंह के खिलाफ जालसाजी की एफआईआर दर्ज कराने का मामला हो या फिर ?जूल और वक्फ की जमीनों को बेंचकर अरबों रुपये कमाने वाले खलील टायर की संपत्ति की जांच का मामला हो,डीआईजी उपेंद्र अग्रवाल ने किसी के खिलाफ कार्रवाई करने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई। अपनी तेज तर्रार और ईमानदार कार्यशैली के कारण डीआईजी उपेंद्र अग्रवाल भू माफियाओं के आंख की किरकिरी बने हुए थे। अब नए डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह के सामने इन सबसे निपटना बड़ी चुनौती होगी।

# बैटरी रिक्शा और पिकअप में भीषण टक्कर, मौके पर महिला की मौत

**अमर ख्याल संवाददाता**

**बहराइच। जरवल रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत चिराई पुरवा मुस्तफाबाद के पास बैटरी रिक्सा व पीकअप मे हुए भीषण सड़क दुर्घटना में चार घायल एक की हुई मौत, दो गम्भीर रूप से घायल को जिला अस्पताल किया गया रेफर, जरवल रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत चिरई पुरवा मुस्तफाबाद के आस पास आए दिन हो रही सड़क दुर्घटना से लोगों की हो रही धन हानि व जनहानि से लोग परेशान,शनिवार दोपहर को चिरई पुरवा मुस्तफाबाद के पास तेज रफ्तार पिकअप ने बैटरी रिक्शा को टक्कर मार दी,टक्कर इतनी तेज थी की बैटरी रिक्शा के परखच्चे उड़ गये ।सूचना पर पहुची जरवल रोड पुलिस ने सभी घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद में भर्ती कराया, ड्राङ्ग आशीष कुमार व अनील तिवारी फार्मेसिस्ट की देख रेख में सभी घायलो का प्राथमिक उपचार हुआ,ऑटो रिक्शा में बैठी एक महिला की मौत हो गयी व चार घायलो मे दो की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया पिकअप में बैठा एक व्यक्ति भी घायल हो गया जिसका भी प्राथमिक उपचार किया गया। सड़क दुर्घटना में 1 महिला की मौत,4 घायलों मे 2 की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज बहराइच किया गया रेफर,श्याम कला पत्नी गिरधारी लाल उम्र 36 वर्ष की मौके पर मौत हो गयी ये हुए घायल सीमा देवी पत्नी महेंद्र कुमार उम्र 35 वर्ष,शिवदेवी पत्नी रंजीत कुमार उम्र 36 वर्ष,राधा देवी पुत्री गिरधारी लाल उम्र 13 वर्ष,वरुण तिवारी पुत्र कमल तिवारी बर्रा कानपुर, मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने बताया की पिकअप को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही हैं।**

# शादी विवाह में बजने वाले डी जी पर रोक लगने से क्षेत्रवासियों ने शासन प्रशासन से की मांग

अमर ख्याल । अशोक सागर

गोंडा। शादी विवाह में बजने वाले डीजे पर रोक लगाने की क्षेत्र वासियों ने शासन प्रशासन से की मांग

आपको बताते चलें की शादी विवाह का मौसम चल रहा है इस दौरान हर शादी में अक्सर डीजे बच्चा दिखाई देता है जिसमें फूहर गाने बजाए जाते हैं जो समाज पर बुरा असर पड़ता है और बच्चों पर भी बुरा असर पड़ता है डीजे चलाने वाले डीजे का आवाज इतना तेज कर देते हैं कि हार्ड और ब्लड प्रेशर के अब से परेशान लोगों के लिए काफी परेशानी होती है वही ठीक-ठाक आदमी भी आवाज से घबरा जाते हैं ऐसा लगता है कि कान का पर्दा फट जाएगा इसलिए क्षेत्रवासियों ने शासन प्रशासन से डीजे पर रोक लगाने की मांग की है क्योंकि डीजे पर अक्सर फूहर व गंदे गाने ही बजाए जाते हैं जो समाज के साथ-साथ बच्चों पर भी बुरा असर पड़ता है इसीलिए लोगों ने इस पर रोक लगाने की मांग की है।

# थाना समाधान दिवस शिकायतों पर नहीं हो रही कार्रवाई

## थाना समाधान दिवस शिकायतों पर नहीं हो रही कार्रवाई

अमर ख्याल । अशोक सागर



गोंडा। लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए थानों पर होने वाला समाधान दिवस सिर्फ खानापूर्ति बनकर रह गया है। थाना समाधान दिवस में की गई शिकायतों पर भी सुनवाई नहीं हो रही है। शनिवार को जिले के 17 थानों में आयोजित समाधान दिवस में 143 शिकायतें आईं। इनमें से 21 शिकायतों का ही निस्तारण हो सका। शेष 122 शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को निर्देश दिए गए हैं।तरबगंज थाने में चंदीपुर गांव निवासी होमगार्ड शिव बहादुर सिंह ने शिकायती पत्र दिया। बताया कि खलिहान सहित उसके खाते की जमीन पर दबंगों ने कब्जा रखा है। दस साल से शिकायत की जा रही है मगर सुनवाई नहीं हो रही है।तरबगंज थाने में ही रामपुर टेंगरहा गांव निवासी लक्ष्मी देवी पत्नी रामउदार ने बताया कि उसके गाटे की जमीन पर दबंगों ने जबरन नींव भरकर कब्जा कर लिया। अपनी जमीन खाली कराने के लिए एसडीएम ने निर्देश दिए थे। इसके बाद जमीन की पैमाइश कराई गई। मगर थाने की पुलिस ने जमीन खाली नहीं कराई। तरबगंज थाने में ही सिंगहाभोज गांव निवासी श्रवण यादव ने शिकायती पत्र दिया। बताया कि गांव के चकमार्ग पर कुछ लोगों ने अवैध तरीके से कब्जा कर लिया है। मना करने के बावजूद नहीं माने। इसकी शिकायत पिछले समाधान दिवस में की थी।

मगर अभी तक चकमार्ग खाली नहीं कराया गया। बंजरिया गांव निवासी रोशन लाल ने बताया कि उसे आवासीय पट्टा मिला था। जिस पर नींव भरकर मकान का निर्माण कर रहा था। गांव के दबंगों ने नींव उजाड़ दी। थाने पर शिकायत की। मगर सुनवाई नहीं हुई।तरबगंज इंस्पेक्टर मनोज पाठक ने सभी फरियादियों को आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सभी शिकायती पत्रों का समयबद्ध निस्तारण किया जाएगा।

# कलश यात्रा के साथ श्री रामकथा व शतचण्डी यज्ञ का हुआ शुभारम्भ



**अमर ख्याल । संवाददाता**

**कटरा बाजार(गोंडा)** विकास खंड कटरा बाजार अंतर्गत ग्राम मोती सिंह मथुरा स्थित फैला सम्मय माता मंदिर पर रविवार वार से सात दिवसीय श्रीराम कथा व शतचण्डी यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया हुआ। कलश यात्रा में श्रद्धालुओं ने रंग गुलाल उड़ाकर डीजे पर झूमते हुए हिस्सा लिया।विगत वर्षों से लगातार आयोजित हो रहे श्री राम कथा महोत्सव को लेकर विशाल कलश यात्रा निकाली गई। जो कथा स्थल से निकलकर भग्गड़वा बाजार सरयू घाट पहुंची। जहां अयोध्याधाम से आये आचार्य बबलू कृष्ण पाठक,पंडित हरिओम शास्त्री,सांदीपनि रामानुजा दास,अभिषेक शास्त्री जी द्वारा पूरे विधि विधान से पूजन आदि करवाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। फैला सम्मय माता मंदिर के महंत नंदू पाठक ने बताया कि श्री राम कथा 12 मार्च से 19 मार्च तक शाम 6 बजे से कथा व्यास श्री गौरव कृष्ण शास्त्री जी महराज द्वारा कथा सुनाया जायेगा।तत्पश्चात भंडारे का आयोजन होगा। कलश यात्रा में सुरक्षा की दृष्टि से माधवपुर पुलिस चौकी इंचार्ज वीरेंद्र कुमार शुक्ला,कांस्टेबल दिनेश चौहान,नंदलाल गौड़, अभिषेक प्रजापति सहित सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष भक्तगण मौजूद रहे।

# अपनादल (एस) विधायक को अपशब्द कहने वाले व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज



**अमर ख्याल । अशोक कुमार**

**बहराइच।** नानपारा विधान सभा क्षेत्र से अपना दल के विधायक को एक व्यक्ति ने शादी समारोह में अपशब्द कह दिया। इस पर विधायक के समर्थक ने कोतवाली में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने शनिवार को बयान दर्ज किया। नानपारा विधान सभा क्षेत्र से अपना दल के विधायक राम निवास वर्मा हैं। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नकौडा गांव निवासी शैलेंद्र वर्मा पुत्र कैलाश नाथ वर्मा अपने को विधायक का समर्थक बताते हैं। कोतवाली नानपारा में तहरीर देकर उन्होंने कहा है कि वह अपने भांजे अंकित वर्मा के शादी समारोह में 28 फरवरी को शामिल होने आया था। यहां पर कोतवाली क्षेत्र के बितनिया गांव निवासी पंकज कुमार ने विधायक को अपशब्द कहे। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं शनिवार को उप निरीक्षक अशोक कुमार वर्मा ने आरोपी को बुलाकर बयान दर्ज किया। कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद गिरफ्तारी की जायेगी।

# कतर्नियाघाट में खींची अल्बिनो चित्तीदार हिरण की फोटोज, डीएफओ ने किया ट्वीट

अमर ख्याल अशोक कुमार



बहराइच। कतर्नियाघाट संरक्षित वन क्षेत्र में शनिवार को घड़ियाल संरक्षण दल के सदस्य ने अल्बिनो चित्तीदार हिरण के बच्चे के फोटो खींची। डीएफओ आकाशदीप के मुताबिक यह विलुप्त प्राय जीव है। डीएफओ ने हिरण की फोटो यूपी फारेस्ट, ६६ि समेत अन्य अधिकारियों को ट्वीट किया है। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग 551 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। संरक्षित वन क्षेत्र में बाघ, तेंदुआ, हाथी, बारहसिंघा, हिरण समेत अन्य जंगली वन्यजीव विचरण करते हैं। इसके अलावा विभिन्न प्रभार के जलीय जीव भी जंगल के बीच से गुजरने वाली नदियों में पाई जाती हैं।

डीएफओ आकाशदीप वधावन ने बताया कि शनिवार को घड़ियाल संरक्षण दल के पुलकित गुप्ता जंगल भ्रमण कर रहे थे। तभी उन्हें एक साधारण हिरण के साथ अल्बिनो चित्तीदार हिरण का बच्चा दिखाई दिया। दल के सदस्य ने मोबाइल में फोटो खींच की। डीएफओ ने बताया कि इस प्रजाति का हिरन कतरनिया घाट के अलावा अन्य जंगल में भी नहीं पाया जाता है। उन्होंने बताया कि हिरण की यह प्रजाती काफी रेयर है। डीएफओ ने हिरन के बच्चे की फोटो यूपी फारेस्ट, यूपी टूरिज्म, डीएम और डब्ल्यूडी को अपने ट्विटर से टैग किया है। साथ ही इसे खुशी का क्षण बताया है।

# रघुवंश प्रतिष्ठानम ने मनाया 15 वा होली मिलन समारोह




**अमर ख्याल वाराणसी।** चोलापुर नियारडीह स्थित पुकार राय चबूतरा पर रघुवंश प्रतिष्ठानम ने 15 वां रघुवंशी होली मिलन समारोह मनाया। जिसमें जनपद सहित पूर्वांचल के रघुवंशी शामिल हुए। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने आजीवन सदस्यता ग्रहण की। साथ ही समाज के उत्थान और विकास पर चर्चा हुई। जिसमें ए पी एस स्कूल चोलापुर की तरफ से हर वर्ष आर्थिक रूप से कमजोर 5 बच्चों की पूरी पढ़ाई का खर्चा उठाने का संकल्प लिया गया। साथ ही रघुवंश प्रतिष्ठानम ने गरीब लड़कियों की शादी और परिवार के गरीब लोगों के इलाज के लिए खर्च वहन करने का संकल्प उठाया। होली मिलन समारोह की अध्यक्षता लोकनाथ सिंह ने और संचालन अखिलेश सिंह ने किया। इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह मास्टर, अखंड सिंह, अवनींद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, जे.एन. रघुवंशी, ललितेश सिंह, शिवाजी सिंह, राजेश सिंह, सतीश सिंह,संतोष सिंह, बच्चा सिंह, मधुकर सिंह, दिनेश सिंह, जितेंद्र सिंह, राकेश सिंह, सुजीत सिंह प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# एनएसएस शिक्षार्थियों द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान

## छात्रों ने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**मर ख्याल संवाददाता**

**बहराइच।** रविवार को सर्वोदय महाविद्यालय केएनएसएस छात्रों ने ग्राम जयरामपुरवा में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत घूर- गड्ढे , नालियों व सड़कों की सफाई किया तथा ग्रामीणों को जागरूक किया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ॰ नम्रता श्रीवास्तव ने बताया सर्वोदय महाविद्यालय मिहींपुरवा के विशेष शिविर के एनएसएस छात्रों को विभिन्न समूहों में बांट कर विषय- स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए मजबूती से संदेश दिया गया था। छात्र-छात्राओं ने निदेर्शानुसार विभिन्न नाम की अपनी अपनी टोली बनाकर व हाथ में तख्ती चार्ट व बैनर लेकर गांव में जाकर ग्रामीणों को जागरूक करते हुए घूर, गड्ढे, नालियों और सड़कों की सफाई किया तथा ग्रामीणों को संदेश दिया कि आप सभी अपने घर- आंगन को स्वच्छ रखें साथ ही पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे छात्र-छात्राओं की टोलियां और उनके कार्यों का निरीक्षण का कार्य कार्यक्रमाधिकारी डॉ॰ नम्रता श्रीवास्तव ने किया इस मौके पर पूर्व सीनियर छात्र मोहम्मद जमील कुरैशी साथ रहे।

# 52 शीशी अवैध देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार




**अमर ख्याल मिर्जामुराद।** क्षेत्र के कोषडा गांव स्थित श्यामा माता मंदिर के समीप अपने घर के बाहर अवैध देशी शराब बेच रहे एक युवक को मिजार्मुराद पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा।मिजार्मुराद थानाध्यक्ष दीपक कुमार रनावत ने बताया कि शनिवार की रात 11.30 बजे मुखबिर से सूचना मिला की कोषडा गांव निवासी डिंगुर राजभर अपने घर के पास देशी शराब का ठीका बन्द हो जाने पर ऊचे दामों पर कई दिनों से अवैध देशी शराब बेच रहा है। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए रात में फोर्स के साथ डिंगुर के घर के पास पहुंचा तो बोरी लेकर भागने लगा दौड़ा कर पकड़ने पर बोरी में 52 शीशी देशी शराब बरामद कर अभियुक्त को घर से गिरफ्तार कर 60 आबकारी अधिनयम के तहत मुकदमा दर्ज कर रविवार को जेल भेज दिया गया।गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दीपक कुमार रनावत, एसआई हरिकेश यादव, अतुल कुमार त्रिपाठी, कांस्टेबल आशुतोष सिंह, आशुतोष यादव रहे।

# होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन





**अमर ख्याल रोहनिया**-औढ़े स्थित अपने आवास पर रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह ने रविवार शाम को भव्य होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया। होली मिलन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या तथा विशिष्ट अतिथि रोहनिया विधायक डॉक्टर सुनील पटेल तथा बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राधे मोहन त्रिपाठी सहित वाराणसी जिले के समस्त भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं व समाज के वरिष्ठ लोगों के साथ फूलों की पंखुड़ियों से होली खेली। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री प्रवीण सिंह गौतम ने किया। इसके अलावा आराजी लाइन विकासखंड क्षेत्र के दरेखू में नवनिर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्य जानकी सिंह पत्नी प्रवीण सिंह रिंटू ने अपने आवास पर आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में क्षेत्र वासियों के साथ अबीर गुलाल लगाकर हर्षोल्लास के साथ होली खेली।

इस अवसर पर मुख्य रूप से अपना दल जिलाध्यक्ष डॉ नरेंद्र पटेल ,जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह, राम प्रकाश दुबे ,प्रभात सिंह, अजय दुबे ,विजय यादव, कमलेश पांडेय,बीरू सिंह, कमलेश पाल,लाल बिहारी पटेल, दीपक सिंह ,गोपाल सिंह ,श्याम भूषण,चंदन सिंह, निखिल सिंह ,शेरू सिंह, ननकू यादव ,उदय भान सिंह इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# छुट्टा पशु को बचाने के चक्कर में डिवाइडर से भिड़े बाइक सवार घायल

**अमर ख्याल मिर्जामुराद।** क्षेत्र के रूपापुर ओवरब्रिज पर रविवार की दोपहर अचानक गाड़ी के सामने छुट्टा पशु आ जाने के कारण बाइक सवार प्रयागराज आशेपुर निवासी संतोष कुमार राजभर व दिनेश कुमार डिवाइडर से टकराकर घायल हो गए।ग्रामीणों की मदद से दोनो युवक को पास के नर्सिंग होम में दवा इलाज कराया गया।बाइक सवार बीएचयू स्थित ट्रॉमा सेंटर में भर्ती अपने किसी परचित को देखने जा रहे थे।

# अनियंत्रित कार रात मे गुमटी में घुसी बाल बाल बचे लोग

**अमर ख्याल रोहनिया।** राजातालाब बाजार में बीती रात तेज रफ्तार कार ओवर ब्रिज के नीचे गुमटी में धक्का मारते हुए एक दुकान के टीन शेड में जा घुसी। गनीमत रही कि रात में लोग वहां पर नहीं थे अन्यथा बड़ी घटना घट सकती थी। पुलिस ने वाहन और चालक डीजे शुक्ला तथा उसमें बैठे आशुतोष मिश्रा को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चालक और उसमे बैठा युवक शराब पिए हुए थे।

# सेवापुरी विधायक ने पशु आरोग्य मेला का किया उद्घाटन

**अमर ख्याल रोहनिया।** जमुनीपुर बाजार में रविवार का पशु आरोग्य मेला लगाया गया। जिसका उद्घाटन सेवापुरी विधायक नीलरतन पटेल नीलू ने किया। यहां किसानों को पशुपालन और पशुओं के बीमारियों के बारे में बताया गया।पशुपालन विभाग ने यहां उपस्थित किसानों को पशुपालन और उनके देख-रेख की जानकारी दी। पशुधन प्रसार अधिकारी ए के सिंह ने गायों में की जाने वाली भ्रूण प्रत्यारोपण की जानकारी दी। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जमालुद्दीन ने पशुओं को नियमित रूप से कीड़ी की दवा देने के बारे में बताया। कहा कि पशुओं में बाह्य परजीवी और अंतः परजीवी बड़ी समस्या है। पशु मेले को पशु चिकित्सक डॉक्टर बी के त्रिपाठी, डॉक्टर आर के चौधरी, डॉ वेद प्रकाश सिंह, डॉ उमाशंकर मौर्य ने भी संबोधित किया। भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री प्रवीण सिंह गौतम ने कहा कि पशुपालन किसानों और खेती का प्रमुख आधार है।ग्राम प्रधान मरूई अजय सिंह बबलू ने कहा कि पशुपालन विभाग की ओर से ग्रामीण किसानों को तरह तरह की सुविधाएं प्रदान की जा रहे हैं जिससे किसान पशुपालन की ओर अग्रसर हो रहा है। मेले का उद्घाटन सेवापुरी के विधायक नीलरतन पटेल ने किया। उन्होंने पशुपालन विभाग को इस तरह के मेले के आयोजित करने को कहा।इस दौरान यहां पर सैकड़ों पशुपालक अपने पशुओं के साथ उपस्थित थे।

# सीएस इन्फोकॉम चैंपियंस ट्रॉफी-23, टी -20 नेशनल दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट का सम्मान समारोह संपन्न

## दिव्यांग क्रिकेट विश्व कप के लिए खिलाड़ियों के चयन हेतु ट्रायल मैच संपन्न








**अमर ख्याल वाराणसी।** भारत में पहली बार होने वाले दिव्यांग क्रिकेट विश्व कप हेतु भारतीय टीम के खिलाड़ियों के चयन हेतु पांच राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, विदर्भ एवं उत्तर प्रदेश के दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों के बीच ट्रायल मैच ऑल इंडिया क्रिकेट एसोसिएशन फॉर फिजिकली चैलेंज मुंबई प्रेजेंट के बैनर तले एमपी थिएटर मैदान काशी हिंदू विश्वविद्यालय चल रहा था का समापन एवं सम्मान वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि डॉ कमलेश पांडेय पूर्व मुख्य आयुक्त दिव्यांगजन, भारत सरकार ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांग खिलाड़ी अनेक अवसरों पर सामान्य खिलाड़ियों से भी बेहतर प्रदर्शन करते हैं। भारत में प्राचीन समय से ही दिव्यांगजनों को सम्मान एवं पद प्राप्त होता आ रहा है। दिव्यांगजन भी राजा हुआ करते थे। आज जरूरत है कि दिव्यांगजनों को उपलब्ध अवसर एवं संसाधन प्रदान किया जाए। आज विज्ञान ने दिव्यांगता पर विजय हासिल कर लिया है। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्वामी विवेक चैतन्य ने कहा कि संसार में सभी बराबर है ना कोई श्रेष्ठ है और ना ही कोई छोटा है क्योंकि भारतीय दर्शन में यह माना गया है कि प्रत्येक व्यक्ति में ईश्वर विद्यमान है इसलिए कोई भी व्यक्ति छोटा नहीं हो सकता है। टूनार्मेंट के दूसरे दिन आज दो मैचों की श्रृंखला खेली गई। पहला मुकाबला राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ के बीच खेला गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। राजस्थान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट खोकर 171 रन बनाए। राजस्थान की ओर से बल्लेबाजी करते हुए वेदपाल ने 3 चौके और 2 छक्के की मदद से सर्वाधिक 36 रन का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से बोलिंग करते हुए कैलाश ने 4 ओवरों में 31 रन देकर 3 विकेट लिए। जवाब में छत्तीसगढ़ की टीम मैच के अंतिम ओवर तक संघर्ष करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर कुल 167 रन ही बना सकी और 4 रन से मैच हार गयी। छत्तीसगढ़ की टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए अजय कौशिक 32 गेंदें खेलकर 7 चौके एवं 3 छक्कों की मदद से 57 रनों का सर्वाधिक योगदान दिया। राजस्थान की ओर से अशरफ गेंदबाजी करते हुए 17 रन देकर 3 विकेट झटके। राजस्थान के दीपचंद को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन 30 रन और 2 विकेट के योगदान के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरा मैच उत्तर प्रदेश एवं विदर्भ टीम के बीच खेला गया। उत्तर प्रदेश की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 189 रन बनाए। उत्तर प्रदेश की ओर से बल्लेबाजी करते हुए हरिओम ने 10 चौके और 6 छक्कों की मदद से सर्वाधिक 96 रनों का योगदान दिया। विदर्भ की ओर से गेंदबाजी करते हुए गजानन रोकडे ने 51 रन खर्च करके 2 विकेट लिया। जवाब में खेलते हुए विदर्भ की टीम ने 20 ओवरों में 7 विकेट पर 153 रन ही बना सकी और मैच गवा बैठी। विदर्भ की ओर से बल्लेबाजी करते हुए शेख नजीर ने 5 चौके व 3 छक्कों की मदद से सर्वाधिक 60 रनों का योगदान दिया। उत्तर प्रदेश की ओर से बोलिंग करते हुए राहुल ने 4 ओवरों में 21 रन देकर 3 विकेट लिए। उत्तर प्रदेश के हरिओम को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। उत्तर प्रदेश की टीम को टूनार्मेंट की विजेता तथा विदर्भ को उपविजेता ट्रॉफी प्रदान की गई। बेस्ट बैटमैन का खिताब हरिओम, बेस्ट बॉलर का खिताब राजेश तथा मैन ऑफ द सीरीज गजानन रोकड़े को प्रदान किया गया। सभी खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह तथा नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। उन्नाव की संस्था पब्लिक हैंडीकैप फाउंडेशन द्वारा खिलाड़ियों का सम्मान किया गया तथा प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ तुलसी दास द्वारा सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। पूरे मैच के दौरान राष्ट्रीय चयनकर्ता बृजेश सोलकर एवं दीपक जाधव उपस्थित रहकर खिलाड़ियों के परफारमेंस आँकलन करते रहें। ऑल इंडिया क्रिकेट एसोसिएशन फॉर फिजिकली चैलेंज्ड के सेंट्रल जोन के अध्यक्ष डॉ संजय चौरसिया ने टूनार्मेंट में शामिल सभी दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों को शुभकामनाएं हुए कहा कि खेल में हार जीत मायने नहीं रखता बल्कि खिलाड़ियों का जज्बा महत्वपूर्ण होता है। सेंट्रल जोन के महासचिव दिव्यांगबंधु डॉ उत्तम ओझा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के प्रेरणा से भारत में दिव्यांग क्रिकेट के लिए बहुत ही उत्साह पूर्ण वातावरण बना है। समापन कार्यक्रम को मुख्य रूप से डॉ राजेश मिश्रा उपनिदेशक दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग, ब्रह्म राष्ट्रीय एकम् के अध्यक्ष सचिन मिश्रा, सुनील जैन, पूजा पांडेय, फ्रांस के जोमैक्स, हरहुआ के ब्लाक प्रमुख विनोद उपाध्याय ने संबोधित किया।इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ नीरज खन्ना, सचिव प्रदीप राजभर, कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी डॉ मनोज तिवारी, काशियाना फाउंडेशन के सुमित सिंह, आब्जरबर श्यामलाल, आशुतोष प्रजापति, प्रदीप सोनी, धीरज चौरसिया एवं आयोजन समिति के अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहें। कमेंटेटर का दायित्व अमूल्य उपाध्याय एवं आशीष सेठ ने अदा किया।

# 'बाहुबली' का किरदार नहीं मिलने पर दुखी हो गए थे राणा दग्गुबाती



साउथ इंडस्ट्री के अभिनेता राणा दग्गुबाती इन दिनों चर्चा में हैं। 10 मार्च को अभिनेता का नेटफ्लिक्स शो राणा नायडू रिलीज हुआ, जो अमेरिकी सीरीज रे डोनोवन का हिंदी रूपांतरण है। अब अभिनेता इस शो के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस दौरान उन्होंने शो का नाम उनके नाम पर रखने की बात का खुलासा भी किया। वहीं, राणा ने सुपरहिट फिल्म बाहुबली के मुख्य किरदार के बारे में भी बात की। साउथ इंडस्ट्री के अभिनेता राणा दग्गुबाती इन दिनों चर्चा में हैं। 10 मार्च को



अभिनेता का नेटफ्लिक्स शो राणा नायडू रिलीज हुआ, जो अमेरिकी सीरीज रे डोनोवन का हिंदी रूपांतरण है। अब अभिनेता इस शो के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस दौरान उन्होंने शो का नाम उनके नाम पर रखने की बात का खुलासा भी किया। वहीं, राणा ने सुपरहिट फिल्म बाहुबली के मुख्य किरदार के बारे में भी बात की। एसएस राजामौली की फिल्म बाहुबली- द बिगिनिंग और बाहुबली-द कंक्लूजन दोनों ही ब्लॉकबस्टर साबित हुई थीं। पहली फिल्म 2015 में आई थी तो वहीं दूसरी फिल्म 2017 में आई थी। इस फिल्म में राणा ने भल्लालदेव का किरदार निभाया था और बाहुबली के किरदार में अभिनेता प्रभास नजर आए थे। इसके साथ ही फिल्म में अनुष्का शेट्टी, तमन्ना, राम्या कृष्णा, सत्यराज और नासर अहम भूमिका में थे। राणा दग्गुबाती और वेंकटेश की वेब सीरीज राणा नायडू ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है, जिसे दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है। इस सीरीज में राणा एक सेलिब्रिटी फिक्सर का किरदार निभा रहे हैं। वहीं, वेंकटेश उनके पिता की भूमिका में हैं। सीरीज में 10 एपिसोड हैं, जिसके दो एपिसोड रिलीज हो चुके हैं।

## बॉक्स ऑफिस

# तू झूठी मैं मक्कार

## कलेक्शन की रफ्तार धीमी



रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की तू झूठी मैं मक्कार का फैन्स बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। हालाँकि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा कमाई तो नहीं कर रही हैं लेकिन धीरे-धीरे रफ्तार बनाने की कोशिश कर रही हैं। होली (8 मार्च) को रिलीज़ हुई इस फिल्म ने 15 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की। हालांकि, अब इसमें गिरावट दर्ज की जा रही है। टीजेएमएम दूसरे और तीसरे दिन दोनों में स्थिर रहा क्योंकि इसने प्रत्येक दिन 10 करोड़ रुपये कमाए। लव रंजन द्वारा निर्देशित रोमांटिक कॉमेडी ने भी बोनी कपूर के अभिनय की शुरुआत की। पहले दिन, रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर-स्टारर ने भारत में 15 करोड़ रुपये कमाए। शुरुआती व्यापार रिपोर्टों के मुताबिक, टीजेएमएम ने दूसरे दिन 10 करोड़ रुपये एकत्र किए। इसने तीसरे दिन 10 मार्च को भी इतनी ही राशि (10.1 करोड़ रुपये) अर्जित की। इस तरह अब कुल कलेक्शन 36.17 करोड़ रुपये हो गया है। तू झूठी मैं मक्कार में 10 मार्च को कुल मिलाकर 11.66 प्रतिशत हिंदी ऑक्यूपेंसी थी। इस बीच, वैश्विक स्तर पर टीजेएमएम (तू झूठी मैं मक्कार ) काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। बॉक्स ऑफिस वर्ल्डवाइड ने बताया, तू झूठा मैं मक्कार ने पहले दो दिनों में लगभग 600 हजार की कमाई की है जो कम है लेकिन आने वाला सप्ताहांत है इसलिए फिल्म को इस पर आंका जाना चाहिए क्योंकि होली का मतलब विदेशों में कुछ भी नहीं है। मेकर्स ने इससे पहले अनोखे अंदाज में तू झूठा मैं मक्कार के टाइटल की घोषणा की थी। यह भी पहली बार है जब रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर एक साथ आ रहे हैं। फिल्म होली 2023 सप्ताहांत, 8 मार्च, 2023 के दौरान रिलीज हुई। लव रंजन द्वारा लिखित और निर्देशित रोमांटिक कॉमेडी फिल्म, लव फिल्म्स और टी-सीरीज़ फिल्म्स द्वारा निर्मित है। अनुभव सिंह बस्सी, डिंपल कपाड़िया और बोनी कपूर फिल्म में महत्वपूर्ण सहायक भूमिकाएँ निभाते हैं। फिल्म का संगीत प्रीतम ने तैयार किया है। सभी गीत अमिताभ भट्टाचार्य द्वारा लिखे गए हैं। फिल्म रणबीर और श्रद्धा के इर्द-गिर्द घूमती है जो आसानी से प्यार में पड़ जाते हैं लेकिन ब्रेकअप के लिए संघर्ष करते हैं। काम के मोर्चे पर, रणबीर के पास लाइन में एनिमल भी है। वहीं, श्रद्धा जल्द ही स्त्री 2 की शूटिंग शुरू करेंगी।



# इलियाना


## को कॉलीवुड से प्रतिबंधित नहीं किया गया

इलियाना डिक्रूज को लेकर एक खबर आई कि उन्हें तमिल सिनेमा ने बैन कर दिया गया है। इलियाना डिक्रूज ने 10 मार्च को तमिल फिल्म उद्योग से प्रतिबंधित किए जाने के लिए खूब सुर्खियां बटोरीं। सामने आई खबरों के मुताबिक, उन्होंने जाहिर तौर पर एक तमिल फिल्म के लिए एडवांस में मोटी रकम ली थी और फिर फिल्म की शूटिंग नहीं की। कहा जाता है कि फिल्म निर्माता को भारी नुकसान हुआ और फिर उन्होंने तमिल फिल्म प्रोड्यूसर्स काउंसिल (टीएफपीसी) में शिकायत दर्ज कराई। उस शिकायत के बाद, तमिल फिल्म निर्माताओं ने जाहिर तौर पर इलियाना डिक्रूज को किसी भी तमिल फिल्म के लिए साइन नहीं करने का फैसला किया था। खबर की सत्यापित करने के लिए तमिल फिल्म प्रोड्यूसर्स काउंसिल से बात की, तो हमें बताया गया कि ये रिपोर्ट बिल्कुल झूठी थीं। टीएफपीसी ने कहा कि उनके द्वारा ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। ये अफवाहें कैसे आई, इसका अंदाजा किसी को नहीं है। इन अफवाहों के सतह पर आने का एक कारण यह भी हो सकता है कि इलियाना अब तमिल या यहां तक कि तेलुगु सिनेमा में काम नहीं करती हैं और उनके प्रशंसक इसे अपनी पसंद के बजाय प्रतिबंध के लिए जिम्मेदार ठहरा सकते हैं। जब इलियाना ने बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की थी, तब वह टॉलीवुड की एक शीर्ष स्टार थीं और तब से उन्होंने वास्तव में दक्षिण की फिल्मों में काम नहीं किया है। उनकी आखिरी प्रमुख तमिल और तेलुगु फिल्में एक दशक पहले थीं। लेकिन उन्होंने 2018 में रवि तेजा की अमर अकबर एंथनी में एक भूमिका निभाई। इलियाना की आखिरी तमिल फिल्म 2012 में नानबन में थलपति विजय के साथ थी। यह पहली बार नहीं है जब इलियाना को कॉलीवुड में बैन किए जाने की खबर आई है। 2021 में भी यही रिपोर्ट्स सामने आई थीं लेकिन वे शून्य रहीं।

> इलियाना ने बॉलीवुड में जब अपनी शुरुआत की थी, तब वह टॉलीवुड की एक शीर्ष स्टार थीं और तब से उन्होंने वास्तव में दक्षिण की फिल्मों में काम नहीं किया है।

## सोशल मीडिया

# भैरवी देवी की भक्ति में लीन हुईं सामंथा



साउथ अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी आने वाली फिल्म कुशी के सेट पर वापसी की है, जिसके बाद से फैंस के बीच अलग ही खुशी है। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस के साथ खुद से जुड़ी बातें साझा करती हैं। हाल ही में अभिनेत्री गंभीर बीमारी से जूझने के बाद स्वस्थ हुई हैं। इसके बाद से वह लगातार अपनी सेहत पर खास ध्यान दे रही हैं और अपने मन को शांत रखने के लिए अध्यात्म का सहारा ले रही हैं। अब अभिनेत्री ने इससे जुड़ा एक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा किया है। सामंथा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी एक तस्वीर साझा की है, जिसमें वह लिंग भैरवी देवी के सामने ध्यान लगाए बैठी हैं। अभिनेत्री पूरी तरह से देवी की भक्ति में लीन दिखाई दे रही हैं। इस तस्वीर को साझा करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, कभी-कभी इसके लिए अलौकिक शक्ति की आवश्यकता नहीं होती। विश्वास आपको सफलता दिलाता है। विश्वास आप को शांत रखता है। विश्वास आपका शिक्षक और आपका मित्र बन जाता है। आस्था आपको अलौकिक बनाती है। अभिनेत्री की तस्वीर अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। इस तस्वीर पर अभिनेत्री के फैंस खूब प्यार बरसा रहे हैं। वहीं, बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने भी सामंथा की तस्वीर पर प्रतिक्रिया दी है। सामंथा की बातों से सहमति जताते हुए अनुष्का ने कमेंट किया यस। दरअसल, अनुष्का भी अपने पति क्रिकेटर विराट के साथ अक्सर आध्यात्मिक स्थलों और मंदिरों के दर्शन करने जाती हैं। वह भी सामंथा की तरह ईश्वर पर पूरी आस्था रखती हैं। सामंथा की यह तस्वीर देख कर कुछ यूजर्स ने आश्चर्य व्यक्त किया। उन्होंने अभिनेत्री से पूछा कि वह ईसाई हैं या हिंदू। एक यूजर ने कमेंट में लिखा, मुझे लगा कि आप ईसाई हो। वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह किस धर्म का पालन करती हैं। खास बात यह है कि वह हमेशा अपने अभिनय से फैंस का दिल जीत लेती हैं। एक यूजर ने लिखा, आपको शक्ति और शक्ति की कामना। भैरवी देवी आपकी समस्याओं को दूर करने के लिए आपको शक्ति प्रदान करें। आपको बहुत सारा प्यार। हमेशा स्वस्थ रहें।

# 62 साल बाद टूटेगी ऑस्कर अवॉर्ड फंक्शन की परंपरा

ऑस्कर अवॉर्ड का क्रेज दुनिया भर में देखने को मिलता है। हर कलाकार इस उपाधि को जीतना चाहता है और अकादमी अवॉर्ड में अपने नाम करना चाहता है। इसका क्रेज महज सितारों में ही नहीं, फैंस में भी देखने को मिलता है। हर बार सभी कलाकार रेड कारपेट पर वॉक करते है, जो कि लगभग सभी अवॉर्ड फंक्शन में एक जैसी होता है। रेड कारपेट पर बॉलीवुड, हॉलीवुड, सिंगर, सभी फिल्ड के आर्टिस्ट अपना जलवा बिखेरते हुए नजर आते हैं।



हालांकि इस बार ऑस्कर अवॉर्ड में कुछ बदलाव होने जा रहे हैं। हर बार जहां रेड कारपेट इस अवॉर्ड फंक्शन की शोभा बढ़ाता थे, तो वहीं इस बार अलग रंग का कारपेट को बिछाया जाएगा। दरअसल, पहली बार 1961 के ऑस्कर अवॉर्ड फंक्शन में पहली बार रेड कारपेट का इस्तेमाल किया गया था, जिसके बाद से हर बार रेड कारपेट पर सेलिब्रिटी अपना जलवा बिखेरते हुए नजर आए हैं। हालांकि 95वें अकादमी अवॉर्ड में इस परंपरा में बदलाव होने जा रहा है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट्स के मुताबिक इस साल के ऑस्कर अवॉर्ड फंक्शन में कारपेट का कलर रेड से बदलकर शैंपेन कलर का बिछाया जा रहा है। इसलिए इस बार सितारें रेड कार्पेट पर नहीं शैंपेन कलर के कार्पेट पर वॉक करते हुए नजर आएंगे। इस साल 95वां अकादमी अवॉर्ड फंक्शन कैलिफोर्निया के डॉल्बी थिएटर में आयोजित किया जाएगा। वहीं, आज 12 मार्च को सभी दर्शक एबीसी नेटवर्क केबल, सिलिंग टीवी, हुलु प्लस लाइव टीवी, यूट्यूब टीवी और फुबो टीवी और ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देख सकते हैं। वहीं, भारत की ओर से आरआरआर को ऑस्कर अवॉर्ड के लिए नामांकित किया गया है और दो डॉक्यूमेंट्री को भी इसके लिए नॉमिनेट किया गया है।

## खुलासा



# प्रियंका को पहली बार मिला समान वेतन

> प्रियंका चोपड़ा ने एक नए इंटरव्यू में कहा कि सिटाडेल में ही उन्हें अपने करियर में पहली बार समान वेतन मिला। साउथ बाय साउथवेस्ट फिल्म फेस्टिवल 2023 में अमेजन स्टूडियोज की प्रमुख जेनिफर सल्के के साथ एक साक्षात्कार के दौरान, प्रियंका ने कहा, मुझे यह कहने में परेशानी हो सकती है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि कौन देख रहा है।

प्रियंका चोपड़ा और रिचर्ड मैडेन की अगली स्पाई थ्रिलर सिटाडेल पहले से ही काफी धूम मचा रही है। सीरीज में स्टेनली टुकी भी एक महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत करने वाली प्रियंका को एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में करीब 22 साल हो गए हैं।

हालांकि, अभिनेत्री ने कहा कि सिटाडेल में उन्हें पहली बार समान वेतन मिला है। इस बीच सिटाडेल 28 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर आने के लिए तैयार है। प्रियंका चोपड़ा ने एक नए इंटरव्यू में कहा कि सिटाडेल में ही उन्हें अपने करियर में पहली बार समान वेतन मिला। साउथ बाय साउथवेस्ट फिल्म फेस्टिवल 2023 में अमेजन स्टूडियोज की प्रमुख जेनिफर सल्के के साथ एक साक्षात्कार के दौरान, प्रियंका ने कहा, मुझे यह कहने में परेशानी हो सकती है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि कौन देख रहा है। मैं मनोरंजन उद्योग में 22 वर्षों से काम कर रही हूं, और मैंने लगभग 70 से अधिक फीचर और दो टीवी शो किए हैं। लेकिन जब मैंने सिटाडेल की, तो यह मेरे करियर में पहली बार था जब मुझे वेतन में समानता मिली। प्रियंका चोपड़ा ने कहा, मैं निवेश और काम के बराबर राशि लगाती हूं, लेकिन मुझे बहुत कम वेतन मिलता है। लेकिन जिस सहजता से अमेज़न स्टूडियोज ने कहा, यह वही है जिसके आप हकदार हैं, आप सह-प्रमुख हैं, यह उचित है, और मुझे पसंद आया, आप सही कह रहे हैं, यह उचित है। प्रियंका चोपड़ा ने फिल्म से अपना पहला लुक साझा किया था, जिसमें वह नादिया सिंह की भूमिका निभाती नजर आएंगी, जो एक एजेंट है, जो फाइलों के अनुसार मर चुकी है, लेकिन वास्तव में उसकी याददाश्त मिटा दी गई है। ट्रेलर की शुरुआत एक ट्रेन में दोनों के साथ होती है।

रेड ड्रेस में प्रियंका हर अंदाज में घातक लग रही हैं। उसने फिर सच कहा, और भविष्य को बचाने में सक्षम होने के लिए उसे सब कुछ याद रखना पड़ा। उम्मीद के मुताबिक सीक्वेंस बेहतरीन दिखते हैं। प्रियंका और रिचर्ड मैडेन की केमिस्ट्री भी शानदार है।

**एक नजर**

### एमेच्योर एशिया पैसिफिक चैम्पियनशिपः अवनी संयुक्त 24वें और निश्ना संयुक्त 35वें स्थान पर

**सिंगापुर।** भारतीय गोल्फर अवनी प्रशांत और निश्ना पटेल ने रविवार को महिला एमेच्योर एशिया पैसिफिक चैम्पियनशिप (डब्ल्यूएएपी) के अंतिम दौर में तीन ओवर 75 के कार्ड खेले जिससे दोनों ने क्रमशः संयुक्त 24वां और संयुक्त 35वां स्थान हासिल किया। क्वीन सिरिकिट कप की व्यक्तिगत चैम्पियन अवनी ने 73-71-74-75 के कार्ड से कुल 5 ओवर 289 का स्कोर हासिल किया। वहीं तीसरी बार डब्ल्यूएएपी में हिस्सा ले रहीं निश्ना 71-72-77-75 के कार्ड से सात ओवर 291 का कुल स्कोर बनाने के बाद संयुक्त 35वें स्थान पर रहीं। सिर्फ ए दोनों भारतीय गोल्फ ही कट हासिल कर सकी थीं। अनिका वर्मा, विधात्री उर्स, मन्नत बरार और लावण्य जादोन कट से चूक गई थीं। कनाडा की एलिया गालिटस्काई ने अंतिम दौर में चार अंडर 68 का कार्ड खेला जिससे वह खिताब जीतने में सफल रहीं।

### वाणी और प्रणवी शीर्ष 20 में रहे

**केपटाउन।** वाणी कपूर और प्रणवी उर्स 2023 इनवेस्टेक दक्षिण अफ्रीका वुमेन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में शीर्ष 20 में रहे। तीन दौर के बाद शीर्ष 10 में शामिल वाणी ने अंतिम दौर में एक अंडर 71 का स्कोर बनाया लेकिन वह कल रात के संयुक्त आठवें से संयुक्त 12वें स्थान पर खिसक गईं। उनका कुल स्कोर आठ अंडर रहा। प्रणवी ने हफ्ते का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए तीन अंडर 69 का स्कोर बनाया और सात अंडर के कुल स्कोर के साथ संयुक्त 16वें स्थान पर रहीं। एशलेग बुहाई ने अंतिम दौर में चार अंडर 68 के स्कोर से चार शॉट की बढ़त के साथ खिताब जीता। उन्होंने कुल 22 अंडर के स्कोर से चौथी बार यह खिताब अपने नाम किया।

### चेल्सी की एक और जीत, लीवरपूल हारा

**लंदन।** चेल्सी ने शनिवार को यहां लीसेस्टर को 3-। से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत दर्ज की जबकि उतार-चढ़ाव वाले सत्र में लीवरपूल को एक और हार का सामना करना पड़ा। चिर प्रतिद्वंद्वी मैनचेस्टर यूनाईटेड को रिकॉर्ड 7-0 से हराने के बाद लीवरपूल को निचली लीग में खिसकने का खतरा झेल रहे बोर्नेमाउथ के खिलाफ 0-। से हार का सामना करना पड़ा। लीवरपूल ने अगस्त में अपने मैदान पर बोर्नेमाउथ को 9-0 से हराया था। मैनचेस्टर सिटी की टीम एक बार फिर पूरी तरह से लय में नजर नहीं आई लेकिन क्रिस्टल पैलेस को।-0 से हराकर शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल पर दबाव बनाए रखने में सफल रही। आर्सेनल की टीम 26 मैच में 63 अंक के साथ शीर्ष पर है।

# रीयाल मैड्रिड ने एस्पानयोल को 3-1 से हराया

**एजेंसी ■ बार्सीलोना**




रीयाल मैड्रिड ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शनिवार को यहां स्पेनिश फुटबॉल लीग में एस्पानयोल को 3-। से हराया। एस्पानयोल को आठवें मिनट में ही जोसेलु माटो ने बढ़त दिला दी। विनिसियस जूनियर ने 22वें मिनट में स्कोर।-। किया जबकि इडेर मिलिटाओ ने 39वें मिनट में मैड्रिड को 2-। से आगे कर दिया। स्थानापन्न खिलाड़ी मार्को एसेंसियो ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के तीसरे मिनट में एक और गोल दागकर रीयाल मैड्रिड की 3-। से जीत सुनिश्चित की। इस जीत से रीयाल मैड्रिड के 25 मैच में 56 अंक हो गए हैं और टीम दूसरे स्थान पर है। टीम के शीर्ष पर मौजूद बार्सीलोना से छह अंक कम है। बार्सीलोना ने हालांकि अभी 24 मुकाबले ही खेले हैं। मैड्रिड ने इस मैच में करीम बेनजेमा को आराम दिया जो टखने की समस्या से उबर रहे हैं। कोच कार्लो एंकेलोटी के अनुसार बेनजेमा के बुधवार को लीवरपूल के खिलाफ चैंपियन्स लीग मुकाबले के लिए उपलब्ध रहने की उम्मीद है। मैड्रिड की टीम अंतिम 16 मुकाबले का पहला चरण 5-2 से जीत चुकी है। रीयाल मैड्रिड को 19 मार्च को बार्सीलोना से भी भिड़ना है। अंतिम स्थान पर चल रहे एल्शे ने टेटे मोरेंटे के इंजरी टाइम में दागे गोल की बदौलत वेलाडोलिड को।-। से बराबरी पर रोका। वेलाडोलिड के अंत में सिर्फ आठ खिलाड़ी मैदान पर बचे थे। टीम की ओर से काइल लेरिन ने गोल दागा। अन्य मुकाबलों में सेल्टा विगो ने रेयो वालेकानो को 3-0 से हराया जबकि वेलेंसिया ने ओसासुना को।-0 से शिकस्त दी।

# एमबाप्पे के गोल से पीएसजी ने ब्रेस्ट को 2-1 से हराया

**एजेंसी ■ पेरिस**



काइलियान एमबाप्पे के अंतिम लम्हों में दागे गोल की बदौलत पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने शनिवार को ब्रेस्ट को 2-। से हराकर फ्रेंच फुटबॉल लीग के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। एमबाप्पे ने 90वें मिनट में लियोनल मेस्सी के थ्रोबॉल को ब्रेस्ट के गोलकीपर मार्को बिजोट को छकाते हुए गोल में पहुंचाया। एमबाप्पे हालांकि भाग्यशाली रहे कि हैरिस बेलकेबला को 85वें मिनट में किक मारने के बावजूद उन्हें मुकाबले से बाहर नहीं किया गया। पीएसजी को 37वें मिनट में कार्लोस सोलेर ने बढ़त दिलाई जिसके बाद फ्रेंक होनोरेट ने 43वें मिनट में गोल दागकर स्कोर।-। कर दिया। पीएसजी की टीम 27 मैच में 66 अंक के साथ शीर्ष पर है। उसने दूसरे स्थान पर मौजूद मार्सेले पर 11 अंक की बढ़त बना रखी है जिसने उससे एक मैच कम खेला है।

# कोहली का शतक

## भारत ने ऑस्ट्रेलिया पर 91 रन की बढ़त बनाई

**एजेंसी ■ अहमदाबाद**



स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने टेस्ट शतक के सूखे को खत्म करने के अलावा अक्षर पटेल के साथ शतकीय साझेदारी की जिससे भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन पहली पारी में 571 रन बनाकर 91 रन की बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने इसके जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में बिना विकेट खोए तीन रन बनाए। मेहमान टीम ने ट्रेविस हेड (नाबाद 03) के साथ पारी का आगाज करने के लिए मैथ्यू कुहनेमैन (नाबाद 00) को भेजा। कुहनेमैन हालांकि पांचवें ओवर में भाग्यशाली रहे जब रविचंद्रन अश्विन की गेंद पर विकेटकीपर श्रीकर भरत उनका कैच नहीं पकड़ पाए। पहली पारी में 480 रन बनाने वाला ऑस्ट्रेलिया अभी भारत से 88 रन से पीछे है। तीन साल से भी अधिक समय बाद टेस्ट शतक जड़ने वाले कोहली ने 364 गेंद में 15 चौकों से 186 रन की पारी खेली जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनका सर्वोच्च स्कोर है। उन्होंने अक्षर पटेल (79) के साथ छठे विकेट के लिए 162, श्रीकर भरत (44) के साथ पांचवें विकेट के लिए 84 और रविंद्र जडेजा (28) के साथ चौथे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी भी की। ऑस्ट्रेलिया की ओर से टॉड मर्फी ने 113 जबकि नाथन लियोन ने 151 रन देकर तीन-तीन विकेट चटकाए। भारत की शुरुआती सभी छह विकेटों की साझेदारी 50 रन से अधिक की रही। स्टेडियम में मौजूद लगभग 15 हजार दर्शकों के लिए रविवार का दिन यादगार बन गया जब कोहली ने ऑफ स्पिनर लियोन की गेंद को मिड विकेट पर एक रन के लिए खेलकर नवंबर 2019 के बाद अपना पहला टेस्ट शतक पूरा किया। कोहली का यह टेस्ट क्रिकेट में 28वां और कुल 75वां अंतरराष्ट्रीय शतक है। उन्होंने 241 गेंद में शतक पूरा किया। कोहली ने शतक पूरा करने के बाद तेज गति से रन जुटाए। इससे पहले सुबह के सत्र में उन्होंने एक भी बाउंड्री नहीं लगाई थी। लंच के बाद उन्होंने अक्षर के साथ मिलकर रन गति में इजाफा किया। सुबह के सत्र में भारतीय टीम रविंद्र जडेजा (28) के रूप में एकमात्र विकेट गंवाने के बावजूद सिर्फ 73 रन ही जोड़ सकी थी।

### कोहली के शतक में तेंदुलकर की सिडनी में खेली गई 241 रन की ऐतिहासिक पारी की झलक दिखी

दिग्गज भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के चौथे दिन रविवार को संयम से खेली पारी में लगभग 40 महीने के सूखे को खत्म करते हुए अपना 28वां शतक पूरा किया। इस पारी में कोहली ने नाथन लियोन के खिलाफ एक रन लेकर 241 गेंद में अपना शतक पूरा किया और शतक बनाने तक सिर्फ पांच चौके लगाए। यह नवंबर 2019 के बाद उनका पहला टेस्ट शतक है। उनके नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सभी प्रारूपों को मिलाकर अब 75 शतक हो गए हैं। शतक पूरा करने के बाद कोहली ने ना तो अपने अंदाज में उछलकर जश्न मनाया, ना ही सीने पर मुक्का जड़ा। शतक पूरा करने के बाद उनके चेहरे पर राहत का भाव दिखा। उन्होंने शतक पूरा करने के बाद बल्ले और हेलमेट को उठाकर दर्शकों का अभिवादन करने के बाद अपनी शादी की अंगूठी को चूमा, जिसे वह अपने गले की चैन में पहनते हैं। इन 40 महीनों में कोहली का बल्ला रूठा रहा और उनका टेस्ट औसत 25 के करीब रहा। इस दौरान उनके आलोचकों और प्रशंसकों को ऐसी पारी का इंतजार था। महान खिलाड़ियों में बाधाओं को पार करने की क्षमता होती है और रविवार को कोहली ने एक चैंपियन के जुझारूपन का परिचय देते हुए बड़ी बाधा पार की। यह पिछले साल टी20 विश्व कप के दौरान मेलबर्न में पाकिस्तान के हारिस रऊफ के खिलाफ शानदार सीधा छक्का जड़ने वाले आत्मविश्वास से लबरेज कोहली नहीं थे।


# न्यूजीलैंड को जीत के लिए 257 रन, श्रीलंका को नौ विकेट की दरकार

**एजेंसी ■ क्राइस्टचर्च**

अनुभवी एंजेलो मैथ्यूज के शतक से श्रीलंका ने पहले क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन रविवार को यहां न्यूजीलैंड को 285 रन का लक्ष्य दिया जिसने एक विकेट पर 28 रन बना लिए हैं। मैथ्यूज (115) ने 35 साल की उम्र में अपना 101वां टेस्ट खेलते हुए 14वां शतक जड़ा जिससे श्रीलंका ने दूसरी पारी में 302 रन बनाए। श्रीलंका ने पहली पारी में 355 रन बनाए थे जिसके जवाब में न्यूजीलैंड ने 373 रन का स्कोर खड़ा किया था। लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने डेवोन कॉन्वे (05) का विकेट गंवाया जिन्होंने कासुन रजिता को उन्हीं की गेंद पर कैच थमाया। दिन का खेल खत्म होने पर सलामी बल्लेबाज टॉम लैथम 11 और केन विलियमसन सात रन बनाकर खेल रहे थे। न्यूजीलैंड को अंतिम दिन जीत के लिए 257 रन जबकि श्रीलंका को नौ विकेट की दरकार है। श्रीलंका अगर जीत दर्ज करता है तो न्यूजीलैंड में यह उसकी सिर्फ तीसरी जीत होगी और उसकी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रहेगी। श्रीलंका ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 83 रन से की। टीम ने सुबह के सत्र में धीमी बल्लेबाजी की और रात्रि प्रहरी प्रबाथ जयसूर्या (06) का विकेट गंवाने के बाद लंच तक चार विकेट पर 150 रन बनाए। मैथ्यूज ने उछाल लेती और मूव होती गेंद के खिलाफ डटकर बल्लेबाजी की। उन्होंने 235 गेंद की अपनी पारी में 11 चौके मारे। उन्होंने दिनेश चांदीमल (42) के साथ पांचवें विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी की।

# शेफाली ने गुजरात जाइंट्स के खिलाफ पिच को समीकरण से बाहर कर दिया: लेनिंग

**एजेंसी ■ मुंबई**




शेफाली वर्मा की दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से लक्ष्य का पीछा करते हुए 28 गेंद में नाबाद 76 रन की तेजतर्रार पारी से उनकी प्रेरणादाई कप्तान मेग लेनिंग भी हैरान हैं। लेनिंग ने स्वीकार किया कि विस्फोटक बल्लेबाज शेफाली ने शनिवार को गुजरात जाइंट्स के खिलाफ जो पारी खेली उसकी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में किसी को उम्मीद नहीं होगी। दिल्ली की मारिजेन कैप ने 15 रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे गुजरात की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 105 रन ही बना सकी। इसके बाद शेफाली ने 10 चौकों और पांच छक्कों से गुजरात की गेंदबाजी को ध्वस्त किया और लेनिंग (नाबाद 21) के साथ मिलकर टीम को 10 विकेट से जीत दिलाई। लेनिंग ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, मैंने उम्मीद नहीं की थी कि शेफाली ऐसी पारी खेलेगी, मुझे नहीं लगता कि किसी और ने भी उम्मीद की होगी। उन्होंने कहा, वह अपने मजबूत पक्ष के अनुसार खेली और अपनी भूमिका निभाई। जब टी20 क्रिकेट में ऐसा होता है तो आपको बस इसके साथ जाना होता है। दिल्ली की कप्तान ने कहा कि पिच से शुरुआत में तेज गेंदबाजों को मदद मिली। उन्होंने कहा, पिच से नई गेंद की गेंदबाजों को मदद मिल रही थी। अगर आप गेंद सही लाइन और लेंथ से करते हैं जो हमने महसूस किया कि मदद मिल रही थी। लेनिंग ने कहा, लेकिन शेफाली ने विकेट को समीकरण से बाहर कर दिया, उसने खुद का समर्थन किया, अपने मजबूत पक्षों के अनुसार खेली, स्थिर रही और सीधे हिट किया। इन विकेटों पर अगर आप ऐसा करते हैं तो आप सफल होंगे। मुझे दूसरे छोर पर खड़े होकर उसे अपना काम करते देखना अच्छा लगता है। लेनिंग ने मारिजेन कैप की भी पांच विकेट चटकाने के लिए प्रशंसा की जिन्होंने दिल्ली की टीम की जीत का मंच तैयार किया।

## शॉर्ट न्यूज

### भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट मैच से पहले खालिस्तान समर्थित संदेश के लिए मध्य प्रदेश से दो लोग गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात पुलिस ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले नरेंद्र मोदी स्टेडियम में घुसने की धमकी देने वाले एक खालिस्तान समर्थक समूह द्वारा कथित तौर पर जारी किए गए वीडियो और आवाज संदेश के मामले में मध्य प्रदेश के रीवा जिले से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथा और अंतिम टेस्ट नौ मार्च से अहमदाबाद में शुरू हुआ। अधिकारी ने कहा कि अहमदाबाद पुलिस की साइबर अपराध शाखा ने पड़ोसी राज्य के रीवा में संदेश की उत्पत्ति का पता लगाया और वहां से दो लोगों को गिरफ्तार किया। बड़ी संख्या में भेजे गए संदेश में लोगों से घर पर सुरक्षित रहने का आग्रह किया गया था क्योंकि खालिस्तान समर्थक समूह ने क्रिकेट स्टेडियम में घुसने और अपना झंडा लगाने की योजना बनाई थी। यह संदेश भारत-ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले जारी किया गया था जिसके लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथोनी अल्बानीज भी स्टेडियम पहुंचे थे। सहायक पुलिस आयुक्त (साइबर अपराध) जितेंद्र यादव ने कहा, हमने रीवा जिले से दो लोगों को गिरफ्तार किया है और कॉल स्पूफिंग के लिए वहां स्थापित एक सुविधा का भंडाफोड़ किया है। हमने सुविधा से धमकी भरे वीडियो संदेश का पता लगाया और 11 सिम बॉक्स, लगभग 300 सिम कार्ड, चार से पांच राउटर बरामद किए। उन्होंने आरोपियों की पहचान राहुल कुमार और नरेंद्र कुशवाहा के रूप में की जो मध्य प्रदेश के सतना के रहने वाले हैं। यादव ने कहा, धमकी एक रिकॉर्ड किए गए संदेश के जरिए दी गई थी। कॉल को जंप किया गया था और इस तरह से स्पूफ किया गया कि उनका पता लगाना मुश्किल हो जाता है। हमने उस केंद्र का भंडाफोड़ किया है जहां से कॉल स्पूफ किया जा रहा था। आगे की जांच से पता चलेगा कि कौन लोग इसके पीछे हैं। अमेरिका स्थित आतंकवादी संगठन सिख्स फॉर जस्टिस के संस्थापक गुरपतवंत सिंह पन्नून द्वारा कथित रूप से जारी किए गए संदेशों में क्रिकेट मैच को बाधित करने की धमकी दी गई थी। पुलिस ने कहा कि इसका उद्देश्य लोगों में दहशत पैदा करना था।

इस संदेश में कहा गया था, गुजरात के लोग नौ मार्च (भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच के पहले दिन) को घर में रहें और सुरक्षित रहें क्योंकि खालिस्तानी सिख नरेंद्र मोदी स्टेडियम में घुसने जा रहे हैं और खालिस्तानी झंडा लगाएंगे। पुलिस के अनुसार यह संदेश कई लोगों को उनके फोन पर प्राप्त हुआ था।

### मनु गंडास कीनिया ओपन में संयुक्त 53वें स्थान पर, शुभंकर कट से चूके




**नैरोबी।** भारतीय गोल्फर मनु गंडास यहां कीनिया ओपन में संयुक्त 53वें स्थान पर चल रहे हैं। डीपी वर्ल्ड टूर की इस प्रतियोगिता में गंडास ने पहले, छठे, 10वें और 17वें होल में बर्डी की लेकिन वह 14वें, 15वें और 16वें होल में बोगी कर गए जिससे उनका स्कोर एक अंडर 70 रहा। भारत के शुभंकर शर्मा हालांकि कट हासिल करने में नाकाम रहे। जॉर्ज केम्पिलो ने टूर्नामेंट के किसी दौर में संयुक्त रूप से सबसे कम स्कोर बनाया और वह अंतिम दौर से पूर्व एक शॉट की बढ़त बनाए हुए हैं।

**रैली** रैली में महिलाएं अलग-अलग थीम की पोशाक में तैयार होकर समूहों में पहुंचीं।

# बेटियों के आत्मनिर्भर होने से बनेगा आत्मनिर्भर भारत: मुर्मू

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**





राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि आत्मनिर्भर भारत और नए भारत के निर्माण का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब हमारी बेटियां आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की भावना के साथ आगे बढ़ेंगी। कनॉट प्लेस में आयोजित ऑल वुमेन बाइक रैली को राष्ट्रपति मुर्मू ने ऑनलाइन झंडा दिखाने के दौरान वीडियो संदेश में कहा कि मैं चाहूंगी कि प्रत्एक मां और बहन अपने बेटे और भाई को सभी महिलाओं को सम्मान देने के संस्कार दें तभी हमारी बेटियां बेहतर वातावरण में आगे बढ़ सकेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने संदेश में कहा, आत्मनिर्भर भारत और नए भारत के निर्माण का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब हमारी बेटियां आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की भावना के साथ आगे बढ़ेंगी और पूरी उम्मीद है कि ऐसे आयोजनों का संदेश हमारे देश के गांव-गांव और नगर- नगर तक पहुंचेगा।

दूर-सुदूर गांवों में रहने वाली हमारी बेटियां सदैव निडर महसूस करें तथा आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ें। उन्होंने कहा, मैं चाहूंगी कि प्रत्एक मां और बहन अपने बेटे और भाई को सभी महिलाओं को सम्मान देने के संस्कार दें तब हमारी बेटियां बेहतर वातावरण में आगे बढ़ सकेंगी तथा देश और समाज को और अधिक योगदान देने में समर्थ बन पाएंगी। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाइक रैली के आयोजन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए शुभकामना संदेश में कहा कि नारी निर्णय शक्ति, निश्चय, निष्ठा और नेतृत्व की प्रतिबिंब है। सेना में अपने शौर्य और पराक्रम से महिलाएं देश का मान बढ़ा रही हैं।

रैली में महिलाएं अलग-अलग थीम की पोशाक में तैयार होकर समूहों में पहुंचीं। इस दौरान दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना, केंद्रीय राज्यमंत्री दर्शना जरदोश, फिल्म अभिनेत्री सानिया मल्होत्रा बतौर खास मेहमान शामिल हुए। रैली में दो हजार से ज्यादा महिलाओं के अलावा बीएसएफ की महिला बाइकर्स टीम सीमा भवानी और दिल्ली पुलिस की महिला बाइकर्स टीम ने भी शिरकत की। केंद्रीय राज्यमंत्री दर्शना ने भी रैली में बाइक चलाई। कार्यक्रम में 18 से 95 साल तक की उम्र की महिलाओं ने हिस्सा लिया। राष्ट्रपति ने बाइक रैली में भाग लेने वाली महिलाओं की सराहना की। उन्होंने साथ ही कहा कि मीडिया से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने विज्ञापनों, समाचारों और कार्यक्रमों में महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा के प्रति पूरी संवेदनशीलता रखें और संविधान के अनुसार भारत के प्रत्एक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह ऐसी प्रथाओं को छोड़े जो महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध हैं। राष्ट्रपति ने कहा, मीडिया से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने विज्ञापनों, समाचारों और कार्यक्रमों में महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा के प्रति पूरी संवेदनशीलता रखें।

उन्होंने कहा कि इस मौलिक कर्तव्य को निभाने के लिए आवश्यक है कि प्रत्एक नागरिक की सोच नारी के प्रति सम्मानपूर्ण हो।

# एशियाई खो-खो चैंपियनशिप 20-23 मार्च तक असम में आयोजित होगा

**एजेंसी ■ गुवाहाटी**



पुरुष और महिला वर्ग की एशियाई खो-खो चैंपियनशिप के चौथे सत्र का आयोजन 20 से 23 मार्च तक असम में होगा। बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र (बीटीइआर) के तामुलपुर में आयोजित होने वाले चार दिवसीय कार्यक्रम में 12 देशों के 800 से अधिक खिलाड़ी और अधिकारी भाग लेंगे। बीटीइआर के प्रमुख एवं असम खो-खो संघ (एकेकेए) के अध्यक्ष प्रमोद बोरो ने रविवार को यहां संवाददाताओं को यह जानकारी दी। इसका आयोजन भारतीय खो-खो संघ (केकेएफआई) के द्वारा किया जा रहा है जबकि बीटीआर परिषद और असम राज्य सरकार के समर्थन से एकेकेए इसकी मेजबानी कर रहा है। भारत के अलावा इस प्रतियोगिता में बांग्लादेश, भूटान, इंडोनेशिया, ईरान, इराक, मलेशिया, नेपाल, पाकिस्तान, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया और श्रीलंका की टीमें भाग लेंगी। बोरो ने कहा, हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आयोजन की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। हम यह मौका देने के लिए केकेएफआई के शुक्रगुजार हैं।

# दलजीत कौर सात साल बाद कर रही हैं फिर से शादी

शालीन भनोट से तलाक लेने के करीब सात साल बाद दलजीत एक बार फिर घर बसाने जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक निखिल पटेल और दलजीत 18 मार्च को विवाह बंधन में बंधेंगे। फिलहाल दलजीत शादी की तैयारियों में व्यस्त हैं। यह उनकी जिंदगी का सबसे खूबसूरत पल है। हालांकि, इससे पहले वह काफी मुश्किल दौर से गुजरी हैं। उन्हें तमाम मुसीबतों का सामने करना पड़ा था। बता दें कि शालीन भनोट और दलजीत कौर ने 2009 में शादी की थी। एक इंटरव्यू के दौरान दलजीत ने बताया था, शादी के अगले दिन से ही हमारी शादीशुदा जिंदगी में तमाम परेशानियां हावी होने लगीं। मेरी सासू मां को वेडिंग गिफ्ट पसंद नहीं आए थे, इसलिए उन्होंने अगले दिन से ही मुझसे बातचीत बंद कर दी। हमारा स्टेटस अलग था और वो लोग अलग। हम तीन बहने हैं, मेरे पिता वह सब एफोर्ड नहीं कर सकते थे, जैसी मेरे ससुराल वालों की उम्मीदें थीं।



इसके बाद शालीन वर्ष 2014 में मां बनीं। प्रेग्नेंसी का वक्त उनके लिए बेहद मुश्किल भरा रहा। अपनी प्रेग्नेंसी के वक्त एक्ट्रेस अस्थमा से जूझ रही थीं। कई इंटरव्यू में दलजीत इस बात का दुख साझा कर चुकी हैं कि चेकअप के लिए शालीन उनके साथ डॉक्टर के पास नहीं गए थे। यहां तक की बच्चे की जिम्मेदारी भी वह अकेले उठाती थीं। इतना ही नहीं दलजीत ने यह भी दावा किया कि शालीन का शादी से अलग अफेयर था।

एक इंटरव्यू के दौरान दलजीत ने कहा था, शालीन किसी और महिला के साथ इनवॉल्व था, उसके व्यवहार से यह बात साफ जाहिर होती थी। शालीन ने बताया था, अप्रैल 2015 में एक दिन एक दोस्त ने फोन करके बताया कि शालीन बिल्डिंग के नीचे एक लड़की को किस कर रहा है। जब मैंने शालीन के सामने इस बात का विरोध किया तो उसने बुरी तरह मेरे साथ मार-पीट की। हालांकि, इसके बाद वह घर छोड़कर चला गया और फिर वापस नहीं आया।

रोज-रोज के टॉर्चर से तंग आकर दलजीत ने इस शादी से निकलने का फैसला किया। इसके बाद उन्होंने खुद पर ध्यान देना शुरू किया। दलजीत के मुताबिक 2015 में तलाक के बाद उन्होंने जिंदगी नए सिरे से शुरू की। उन्होंने जिम जॉइन किया और अपना मेकओवर किया। एक इंटरव्यू में दलजीत ने कहा था, शुरुआत में उनके पास जिम जॉइन करने तक के लिए पैसे नहीं थे। मगर, जब उन्होंने कमाना शुरू किया तो कठिन मेहनत की और इस दौरान उन्होंने अपना 25 किलो वजन घटाया। दलजीत की जिंदगी की मुश्किलें सिर्फ यहीं तक नहीं थीं। उन्होंने अपने बेटे जेडन कौर की परवरिश की जिम्मेदारी भी अकेले ही निभाई। बेटे के लिए मां और पिता दोनों की भूमिका अदा करना एक्ट्रेस के लिए आसान नहीं था। हालांकि, तकलीफों में लंबा वक्त गुजारने के बाद आखिर दलजीत की जिंदगी में फिर खुशियों की आमद हुई है।




# क्लासिक मर्डर मिस्ट्री 'गैसलाइट' 31 मार्च को होगी रिलीज

ओटीटी

एक लड़की, एक सौतेली मां, एक प्रेमी, एक पिता, एक पुलिस ऑफिसर और एक डॉक्टर! यह सब मिलकर एक क्लासिक जासूसी कहानी बनाते हैं! डिज्नी+ हॉटस्टार ने फिल्म 'गैसलाइट' की घोषणा कर दी है। रमेश तौरानी, प्रोड्यूसर, टिप्स फिल्म्स,ने कहा, ÷गैसलाइट बॉलीवुड में थ्रिलर्स के नेरेटिव को बदल देगी। इसमें पेयरिंग भी खास और नई है। उन्होंने आगे कहा, पहली बार एक अलग अवतार में दिखेंगी और उनके फैंस को सरप्राइज मिलेगा। अक्षय पुरी ने कहा, जैसा कुछ भी पहले कभी नहीं आया है। कहानी के अलावा सारा, विक्रांत और चित्रांगदा ने बेहतरीन काम किया है। निर्देशक पवन कृपलानी ने कहा, गैसलाइट एक शानदार सस्पेंस थ्रिलर है। यह फिल्म आपसे गहराई में जाकर सोचने और ऐसे सफर में शामिल होने के लिये कहेगी, जो कहानी के आगे बढ़ने के साथ नए-नए ट्विस्ट्स और टर्न्स लेकर आएगा। सारा अली खान, विक्रांत मैसी और चित्रांगदा सिंह जैसे एक्टर्स की मुख्य भूमिकाओं और डिज्नी+ हॉटस्टार के साथ सहयोग करने के साथ ही,मैं दर्शकों के लिये इसे पेश करने से ज्यादा रोमांचित और किसी बात से नहीं हो सकता।

# कलाकारों के लगातार शो छोड़ने पर कपिल शर्मा ने दी प्रतिक्रिया

बीते कुछ समय में कई बड़े और जाने-माने कलाकारों ने कपिल शर्मा के शो को छोड़ दिया, जिसके बाद अभिनेता पर कई तरह के आरोप लगाए गए थे। इस बारे में कपिल से सवाल किया गया, 'लोग ये कहते हैं कि आपके अंदर ईगो बहुत भरी हुई है। आप एक इन्सिक्योर इंसान हैं और आप अपने आस-पास किसी टैलेंटेड व्यक्ति को देखना नहीं चाहते हैं। इसलिए जल्दी-जल्दी जैसे ही कोई शो पर उभरने लगता है आप उसको बदल देते हैं।' इसके जवाब में अभिनेता ने कहा, मुझे आजतक कभी इनसिक्योरिटी नहीं हुई है। मुझे जो अच्छा लगा उल्टा मैं उन्हें शो पर लेकर आया हूं। जितने भी टीवी शोज आते हैं तो यह होता है कि नया सीजन आया, नई कास्टिंग होती है। लेकिन जब आपकी चीज चल रही होती है तो आपकी खबरें ज्यादा आती है।




कपिल ने आगे कहा, सुनील ग्रोवर के साथ झगड़ा हुआ, वो ठीक है। लेकिन भारती सिंह के अब भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट डलती हैं। उन्होंने अपना प्रोडक्शन हाउस शुरू किया, वह उसमें काफी बिजी हैं। इसलिए जरूरी नहीं है कि एक लड़ के गया तो बाकी सब भी ऐसे ही गए होंगे। नए लोगों को चांस नहीं दूं तो लोग कहंगे नेपोटिज्म फैला रहा है। मतलब आदमी जाए तो जाए कहां। मैं पहले प्रोड्यूसर था तो झगड़े होते थे, लेकिन अब कलाकारों का सीधा कॉन्ट्रैक्ट चैनल के साथ है।

कपिल शर्मा से सवाल किया गया कि आपके शो पर बड़े-बड़े स्टार अपनी फिल्मों का प्रमोशन करने आते हैं। उनकी नहीं चल रही, आपकी कैसे चलेगी? इसके जवाब में अभिनेता ने कहा, नहीं ऐसा नहीं है, फ़िल्में चल रही हैं। पिछले कुछ समय में फिल्मों को अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। पठान, कांतारा... कांतारा का तो हमने कोई प्रमोशन भी नहीं देखा था। मेरे ख्याल से फिल्मों को मिक्स्ड रिएक्शन मिल रहा है। ओटीटी की वजह से आज लोगों को दुनियाभर की फिल्में देखने को मिल रही है, इसलिए वह एवरेज चीजें नहीं देखना चाहते हैं। लोगों को अब अलग कंटेंट चाहिए। मेरी फिल्म में उन्हें हटके काम देखने को मिलेगा।

# चर्चा में आया चाचा चौधरी का किरदार



हाल में ही कैलाश विजयवर्गीय चाचा चौधरी के अवतार में नजर आए। इसके बाद से लोगों को चाचा चौधरी किरदार याद आने लगा है। साल 2002 में आए इस बच्चों के शो को खूब पसंद किया गया था। ये शो प्राण कुमार शर्मा के कॉमिक केरेक्टर पर आधारित था। इस शो के चाचा चौधरी कहां हैं? साबू और चाची का रोल प्ले करने वाले स्टार्स कहां हैं। अब इसे कहां और कैसे देख सकते हैं।

**चाचा चौधरी कॉमिक्स**

चाचा चौधरी कॉमिक्स हिंदी और अंग्रेजी के अलावा दस भारतीय भाषाओं में प्रकाशित हुई थी। साल बार 1971 में जब ये पत्रिका आई थी तो बच्चों से लेकर बड़ों तक ने इसे खूब पसंद किया था। इसके पब्लिकेशन डायमंड कॉमिक्स वाले थे। कहा जाता है कि इसकी 10 करोड़ से ज्यादा प्रतियां बिकी थीं।

**चाचा चौधरी की कास्ट**

उस जमाने में जब मोहित और जयंत ने इस पर शो बनाया तो इसके एपिसोड दूरदर्शन पर प्रसारित हुए। चाचा चौधरी के रोल में रघुबीर यादव, साबू के रोल में प्रवीण कुमार तो चाची के रोल में माधुरी संजीवन नजर आई थीं।

**कहां हैं चाचा चौधरी?**

चाचा चौधरी के किरदार से मशहूर होने वाले रघुबीर यादव फिल्मों के मशहूर एक्टर हैं। जिन्होंने हाल में ही पंचायत, रे से लेकर द ग्रेट इंडियन मर्डर जैसी वेब सीरीज में भी काम किया। इससे पहले वह वह चेहरे, संदीप और पिंकी फरार, पगैलट, आधार, रोमियो अकबर वॉल्टर से लेकर सुई धागा जैसी हालिया फिल्मों में नजर आए। वह लगातार सिनेमा कर रहे हैं और एक्टिव हैं।

**साबू का असली नाम और कहां है चाचा चौधरी का साबू?**

चाचा चौधरी में साबू का किरदार भी खूब पॉपुलर हुआ था जिसे प्रवीण कुमार सोबती ने निभाया था। प्रवीण हेमर और डिस्कस थ्रोअर जैसे खेलों में भी माहिर हैं जिन्होंने कई इंटरनेशनल गेम खेले और मेडल अपने नाम किए। वह बीआर चौपड़ा की महाभारत में भीम के रोल से भी खूब पॉपुलर हुए। बाद में वह राजनीति में भी उतरे। साल 20213 में वह आम आदमी पार्टी से चुनाव भी पड़े थे मगर उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद उन्होंने साल 2014 में बीजेपी ज्वाइन कर ली थी। 7 फरवरी 2022 को प्रवीण कुमार सोबती की मौत हो गई।

**कहां हैं चाचा चौधरी की चाची माधुरी**

चाची का किरदार माधुरी संजीव ने निभाया था। वह पॉपुलर टीवी एक्ट्रेस हैं। हंसे तो फंसे और करिश्मा चली लंदन जैसे शोज का भी पार्ट रही। आजकल वह दंगल टीवी के सिंदूर की कीमत शो में नजर आ रही हैं।

**कहां देखें चाचा चौधरी शो और कार्टून**

चाचा चौधरी की कार्टून सीरीज की टून्ज मीडिया समूह ने डिज़्नी और हॉटस्टार के साथ एक डील साइन हुई थी। इसके बाद से इसके एपिसोड हॉटस्टार पर देखे जा सकते हैं। वहीं चाचा चौधरी को यूट्यूब के हुक टीवी पर देखे जा सकते हैं।

# कविता कौशिक को लोगों ने कहा बदसूरत, एक्ट्रेस ने भी दिया करारा जवाब



सोशल मीडिया पर अक्सर ट्रोलर्स सेलिब्रेटी को निशाना बनाते हैं। हाल में ही एफआईआर एक्ट्रेस कविता कौशिक को यूजर्स ने निशाना बनाया। एक्ट्रेस को बदसूरत तक कह दिया। कई बार इग्नोर करने के बाद इस बार कविता कौशिक ने ट्रोलर्स को जवाब दिया है। कविता कौशिक अपनी बिंदास अंदाज के लिए जानी जाती हैं। उनके सोशल मीडिया प्रोफाइल को भी देख आप यही कहेंगे मगर कुछ ट्रोलर्स ने उन पोस्ट पर भद्दे कमेंट्स किए। जिसे देख वह नाराज हो गई और यूजर्स को करारा जवाब दिया। एक्ट्रेस ने लिखा- हां मैं 42 साल की हूं। हां मैं खूबसूरत हूं। और हॉट इतनी हूं कि उफ्फ। कविता कौशिक ने कहा, पहले मुझे ऐसी बातों से ठेस पहुंचती थी। इन सारी बकवास बातों के बीच लोग प्यार भी करते हैं। अगर मैं एक भी अभद्र टिप्पणी देख लूं, तो मुझे चिढ़ होगी। लेकिन फिर मैंने बिग बॉस नाम का एक शो किया और उसके बाद मुझे एहसास हुआ कि हमारे देश में लोग कितनी चीजें को गलत समझ बैठते हैं। आप वास्तव में इसके बारे में कुछ नहीं कर सकते। वे हर चीज का अलग परसेप्शन बना लेते हैं।


## कविता कौशिक ने बताया क्यों लोग करते हैं ट्रोल

कविता कौशिक ने कहा कि लोग जानबूझकर आहत करने वाली बातों पर टिप्पणी करते हैं। ताकि वह ध्यान खींच सके। सोशल मीडिया एक ऐसी जगह है जहां ज्यादातर असफल लोग सफल लोगों को कोस रहे हैं। घर के बोझ को यहां कम करते हैं। लाइफ में कुछ हासिल नहीं किया तो उनकी ये चिड़ यहां दिखती है।

तलाक

# नाजिम से संबंध तोड़े, लेकिन अब भी जोड़ा जाता है नाम : शाइना

साथ निभाना साथिया फेम मोहम्मद नाजिम तो आपको को याद होंगे ही। उन्होंने इस सीरियल में अहम का किरदार निभाया था। हाल ही में वह उस वक्त चर्चाओं में आए जब उन्होंने अपनी प्रेमिका साइना सेठ से संबंध तोड़ने की घोषणा की। अब उनकी पूर्व प्रेमिका ने अपने रिश्ते पर बोलते हुए सच्चाई का खुलासा किया। उन्होंने नाजिमम पर अपने सात से आठ साल के रिश्ते में धोखा देने का आरोप लगाया। शाइना ने मोहम्मद नाजिम के साथ संबंध तोड़ने का दावा करने वाली रिपोर्ट पर जमकर भड़ास निकाली। शाइना ने कहा कि उन्होंने खुद ही इस रिश्ते को खत्म किया था।



दोनों का रिश्ता 2011 में शुरू हुआ और 2019 में टूट गया। एक इंटरव्यू के दौरान शाइना ने स्पष्ट किया कि उन्होंने खुद ही इस रिश्ते हो खत्म किया। साइना ने नाजिम पर बेवफाई करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कई लड़कियों ने नाजिमम की बेवफाई के सबूत के साथ उनसे संपर्क किया था। शाइना ने साफ किया कि उन्हें नाजिम से रिश्ता खत्म करने का कोई मलाल नहीं है, लेकिन इस बात का दुख है कि आज भी उनका नाम नाजिम से जोड़ा जाता है।


शाइना ने कहा कि मैंने नाजिम को कई बार मौका दिया और उन्होंने भी इसे सुधारने के लिए कसम खाई। मैं उनसे प्यार करती थी, मैं नाजिम के प्यार में पागल थी। मुझे लगता था कि वो सुधर जाएंगे। लेकिन ये बातें उस स्तर तक जा पहुंची जब ये सब चीजें मुझे मानसिक रूप से प्रभावित करने लगी। जिसके बाद मैंने रिश्ता खत्म करना ही सही समझा।

शाइना ने कहा कि उन्होंने नाजिम से हर तरीके से संपर्क खत्म कर दिया। शाइना ने कहा कि नाजिम ने मेरी मां के जरिए संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन वह अपने फैसले को लेकर आश्वस्त थीं। उनसे हमारे बीच चीजों को सुलझाने में मदद करने का अनुरोध किया, लेकिन मैं वापस नहीं आना चाहती थी। हमारे आठ साल के रिश्ते में चीजें केवल पहले साल के लिए ठीक थीं। लेकिन उसके बाद सिर्फ नाम का रिश्ता रह गया था।

# सीओटीटी के टॉप 10 ओटीटी शो में नंबर दो पर है शिक्षा मंडल

ओटीटी

एमएक्स प्लेयर ने एक बार फिर भारत में ओटीटी प्लेटफार्मों के बीच उच्चतम रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर लिया है और क्रोम ओटीटी (सीओटीटी) द्वारा 2022 की सूची के टॉप 10 ओटीटी शो में उच्च स्थान हासिल किया है। प्लेटफार्म के तीन शो - शिक्षा मंडल, धारावी बैंक और रूहानियत सीजन 2 टॉप लिस्ट में हैं। एमएक्स प्लेयर की वेबसीरीज ने लगातार सफलता देखी है और इसने भारतीय ओटीटी स्पेस में प्राइम वीडियो, नेटफ्लिक्स, डिज्नी+हॉटस्टार और ज़ी5 जैसे अन्य को पीछे छोड़ दिया है। एमएक्स प्लेयर की ओरिजिनल क्राइम थ्रिलर सीरीज शिक्षा मंडल ने 39.10 मिलियन व्यूज के साथ नंबर 2 स्थान हासिल किया, जबकि सुनील शेट्टी की अत्यधिक प्रशंसित ओटीटी डेब्यू धारावी बैंक ने 33.04 मिलियन व्यूज के साथ नंबर 4 हासिल किया है। रूहानियत सीजन 2 को 25.95 मिलियन व्यूज के साथ नौवें स्थान पर है। यह उपलब्धि अपने दर्शकों को उच्च-गुणवत्ता और आकर्षक मनोरंजन प्रदान करने की अपनी अटूट प्रतिबद्धता का एक वसीयतनामा है।




एमएक्स प्लेयर सफलतापूर्वक इस लिस्ट में तीन स्थानों को सुरक्षित करने में कामयाब रहा है, डिज्नी + हॉटस्टार का क्रिमिनल जस्टिस : अधूरा सच 70.36 मिलियन और 37.71 मिलियन व्यूज के साथ नंबर 1और हाउस ऑफ ड्रैगन्स नंबर 3 का स्थान हासिल किया है। सोनी लिव के महारानी सीजन 2 ने 32.65 मिलियन व्यूज के साथ नंबर 5 का पोजीशन हासिल किया है, जबकि नेटफ्लिक्स के दिल्ली क्राइम सीजन 2 ने 31.51 मिलियन व्यूज के साथ नंबर 6 स्थान हासिल किया है। प्राइम वीडियो के द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स : द रिंग्स ऑफ पावर और ज़ी5 के दुरंगा ने 31.20 मिलियन और 28.98 मिलियन व्यूज के साथ नंबर 7 और नंबर 8 का स्थान हासिल किया है। अंत में, नेटफ्लिक्स के जामताड़ा सीजन 2 ने 25.75 मिलियन व्यूज की पहुंच के साथ इस लिस्ट में नंबर 10 स्थान हासिल किया है।

पंकज कृष्णा, संस्थापक और सीईओ, क्रोम डेटा एनालिटिक्स एंड मीडिया ने कहा, मनोरंजन अशांत समय के दौरान आशा और निराशा के लिए एक विशाल स्टेबलाइज़र के रूप में कार्य करता है। मनोरंजन आंदोलन का निर्माण करता है, कभी-कभी सामूहिक चेतना भी तनावपूर्ण वास्तविकताओं और अस्पष्ट त्रासदियों को पार कर जाती है। जिसे ओटीटी प्लेटफार्मों ने निश्चित रूप से क्रैक किया है। बढ़ती कॉर्ड-कटिंग घटना ने आगे के समय के लिए एक जीत के फार्मूले की अवधारणा की अभूतपूर्व संख्या के साथ एक आशाजनक भविष्य को और मजबूत किया है।

सीओटीटी एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो विभिन्न ओटीटी प्लेटफार्मों के उपयोगकर्ताओं के मेट्रिक्स को मापने के लिए विश्वसनीय मुद्रा प्रदान करता है, उपयोगकर्ताओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि और इन प्लेटफार्मों पर उनके द्वारा खर्च किए जाने वाले समय की मात्रा के साथ तेजी से महत्वपूर्ण हो गया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अशोक कुमार द्वारा राज तरूण आफसेट, एलजीएफ 5-14, अंसल सिटी सेंटर, निकट यूपी प्रेस क्लब, हजरतगंज, लखनऊ से मुद्रित तथा ग्राम भुसना, पोस्ट भुसना, तहसील महमूदाबाद जनपद सीतापुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। **सम्पादक : अशोक कुमार** (मो. 9651086162) । इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न सभी विवाद सीतापुर न्यायालय के आधीन होंगे।